www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 37.c
26.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 87.400g
चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 माकपा के बदले सुर का मतलब, बड़े राजनीतिक बदलाव का सूचक

मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ :पुवायां में दो आरोपी गिरफ्तार 04

वर्ष :08 अंक :248 मुंबई ,शनिवार , 01 मार्च , 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## मकान गिरने से मलबे में दबी एक महिला और उसके बेटे की मौत, दो अन्य घायल

जयपुर ग्रामीण के सांभर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक मकान गिर गया, जिसके मलबे में दब कर एक महिला और उसके बेटे की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गये।पुलिस ने इसकी जाकारी दी। थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि रिणगी गांव में शुक्रवार की सुबह एक मकान का एक हिस्सा ढह गया और मलबे में दबने से घर के अंदर सो रही हंसा देवी (35) और उसके बेटे लोकेश (7) की मौत हो गयी, जबकि महिला का एक और बेटा दिलसुख तथा रिश्तेदार चंदाराम घायल हो गया।उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में पता चला कि मकान उसमें पड़े दरार के कारण गिरा है।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये हैं और इस संबंध में मृग दर्ज कर जांच की जा रही है।

## झांसी में ट्रक एवं कार की टक्कर, महिला समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत

उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में शुक्रवार की सुबह एक कार के आगे चल रहे ट्रक में टकरा जाने की घटना में महिला समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गोपीनाथ सोनी ने बताया कि अयोध्या से गुजरात जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार कानपुर रोड पर शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे चिरगांव टोल प्लाजा के पास से गुजर रही थी, तभी ओवरटेक करने के प्रयास में आगे जा रहे ट्रक में टकरा गयी।इस दुर्घटना में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कार में सवार गुजरात के सूरत निवासी जगदीश भाई, विपिन भाई और श्रीमती कैलाश बेन (सभी की उम्र लगभग 45-50 के मध्य) की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि भावना बेन और मिनी नाम की एक लड़की घायल हो गयी।उन्होंने बताया कि दोनों घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया है जहां उनकी हालत गंभीर बताई गयी है। पुलिस ने तीनों मृतको के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना की जांच कर रही है।

# उत्तराखंड में एवलांच, 57 मजदूर दबे, 16 का रेस्क्यू

## बद्रीनाथ हाईवे पर बर्फ हटाने के काम में लगे थे, 4 गंभीर; भारी बारिश का अलर्ट

एवलांच

▶▶माणा के उच्च ऊंचाई वाले सीमावर्ती गांव के पास सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के शिविर पर हिमस्खलन के बाद उत्तराखंड के चमोली जिले के बद्रीनाथ में बचाव अभियान जारी है, जिसमें लगभग 41 मजदूर बर्फ के नीचे फंस गए हैं।

एजेंसी

उत्तराखंड , शुक्रवार को माणा के उच्च ऊंचाई वाले सीमावर्ती गांव के पास सीमा सड़क संगठन ( बीआरओ ) के शिविर पर हिमस्खलन के बाद उत्तराखंड के चमोली जिले के बद्रीनाथ में बचाव अभियान जारी है, जिसमें लगभग 41 मजदूर बर्फ के नीचे फंस गए हैं।शुरूआत में, कुल 57 मजदूर थे, जिनमें से अब तक 16 को बचा लिया गया है और उन्हें माणा गांव के पास एक सेना शिविर में भेज दिया गया है। बचाए गए मजदूरों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुबह माणा और माणा दर्रे के बीच हिमस्खलन हुआ, जिसमें भारत-तिब्बत सीमा की ओर सेना की आवाजाही के लिए आवश्यक बर्फ हटाने के काम में लगे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। चमोली के जिला मजिस्ट्रेट संदीप तिवारी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि फंसे हुए मजदूरों को बचाने के लिए कई टीमें चुनौतीपूर्ण इलाके, भारी बर्फबारी और बारिश से जूझ रही हैं। किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है।प्रशासन और बीआरओ की टीमें घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं और बचाव अभियान जारी है। स्थानीय लोगों के साथ आईटीबीपी और गढ़वाल स्काउट बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल हैं। राज्य आपदा राहत बल प्रमुख के निर्देश पर तेजी से कार्रवाई करते हुए जोशीमठ में निकटतम चौकी से एक बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया।





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आश्वासन दिया कि फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा, फंसे हुए 57 बीआरओ श्रमिकों में से 16 को बचा लिया गया है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और अन्य विभागों की सहायता से बचाव अभियान जारी है।हमारी आपदा प्रबंधन टीम और पूरा प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में परीक्षाएं रद्द जम्मू-कश्मीर में भी तीन दिनों से बारिश और बर्फबारी हो रही है।उधमपुर जिले के मौंगरी के पास शुक्रवार तड़के पहाड़ी से पत्थर गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई।कठुआ जिले के राजबाग इलाके में उझ नदी से 11 और निकी तवी इलाके से 1 शख्स को बचाया।बर्फबारी और लैंडस्लाइड की वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे सहित कई सड़कें बंद हो गईं हैं।

# पीएम मोदी से मिलीं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष, रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने पर हुई चचा

## लोगों से लोगों का जुड़ाव हमारे संबंधों की सबसे मजबूत संपत्ति : पीएम मोदी

“पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात से पहले, उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा समझौता होगा, उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इस साल तक इसे मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं।



एजेंसी

हैदराबाद ,भारत की दो दिवसीय द्विपक्षीय यात्रा पर आईं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने शुक्रवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में भारत और यूरोपीय संघ के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित रहने की उम्मीद है। पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात से पहले, उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा समझौता होगा, उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इस साल तक इसे मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि यह दुनिया खतरों से भरी है।लेकिन मेरा मानना है कि महान शक्ति प्रतिस्पर्धा का यह आधुनिक संस्करण यूरोप और भारत के लिए अपनी साझेदारी की फिर से कल्पना करने का एक अवसर है। गुरुवार को वॉन डेर लेयेन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की. एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा, ₹यूरोप के साथ भारत के जुड़ाव को फिर से सक्रिय करने पर उनके विचारों की सराहना करता हूं।इस यात्रा के दौरान भारतीय मंत्रियों और ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की व्यापक भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि हम गहरे भारत-ईयू संबंधों को कितना महत्व देते हैं।

# आईटी कंपनी के कर्मचारी ने की लाइव आत्महत्या

## गले में फंदा बांधकर जान देने से पहले रिकॉर्ड किया वीडियो

▶▶उत्तर प्रदेश के आगरा शहर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी द्वारा कथित तौर पर प्रताड़ित किए जाने के कारण 7 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मानव शर्मा के रूप में हुई है और वह सदर इलाके में डिफेंस कॉलोनी का निवासी था।

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के आगरा शहर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी द्वारा कथित तौर पर प्रताड़ित किए जाने के कारण 7 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद आत्महत्या कर ली।मृतक की पहचान मानव शर्मा के रूप में हुई है और वह सदर इलाके में डिफेंस कॉलोनी का निवासी था। वह कथित तौर पर एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में भर्ती प्रबंधक के रूप में कार्यरत था। 24 फरवरी को मानव ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पीड़ित के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।इस घटना



की तुलना हाल ही में बेंगलुरु में अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले से की जा रही है।शर्मा 24 फरवरी को अपने घर में लटके हुए पाए गए थे।

### पत्नी पर बेवफाई का आरोप लगाते हुए पति ने कर ली आत्महत्या, वीडियो वायरल

मरने से पहले उसने एक वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिसमें उसके गले में फंदा पंखे से बंधा हुआ दिखाई दे रहा था। वीडियो में मानव ने कहा कि वह अपनी पत्नी के उत्पीड़न से तंग आ चुका था।

## संभल की जामा मस्जिद की नहीं होगी रंगाई-पुताई

एजेंसी

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को संभल में जामा मस्जिद के परिसर को साफ करने का निर्देश दिया, लेकिन मस्जिद की सफेदी करने का आदेश पारित नहीं किया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने यह आदेश जामा मस्जिद प्रबंधन समिति के एक आवेदन पर पारित किया, जिसमें रमजान से पहले मस्जिद की सफेदी और सफाई की अनुमति मांगी गई थी। गुरुवार को अदालत ने एएसआई को मस्जिद स्थल का तुरंत निरीक्षण करने और तीन अधिकारियों की एक टीम नियुक्त करने का निर्देश दिया, जो शुक्रवार सुबह 10 बजे तक इस संबंध में एक रिपोर्ट पेश की।

# दिल्ली की कानून व्यवस्था पर अमित शाह की बड़ी बैठक

## सीएम रेखा गुप्ता भी रहीं मौजूद, 12 साल बाद हुई ऐसी मीटिंग

एजेंसी

नयी दिल्ली।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।इसके अलावा केंद्रीय गृह सचिव और आईबी चीफ समेत गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।बैठक में नवगठित दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस के बीच समन्वय बढ़ाने की रणनीतियों के साथ-साथ शहर में कानून और व्यवस्था के लिए उभरते खतरों से निपटने के लिए पुलिस उपायों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।बैठक के बाद रेखा गुप्ता ने कहा कि जब भी भारत सरकार ने दिल्ली के लिए बड़ी समस्याएं पैदा करने वाले छोटे मुद्दों पर विवरण मांगा, तो दिल्ली की तत्कालीन ( आप ) सरकार ने कभी भी इस पर सहयोग नहीं किया।

# दिल्ली विधानसभा में हेल्थ डिपार्टमेंट पर सीएजी रिपोर्ट पेश

## मोहल्ला क्लीनिक में टॉयलेट नहीं; स्टाफ की कमी, बड़े ऑपरेशन के लिए लंबा इंतजार

बीजेपी विधायक हरीश खुराना ने कहा कि कुल तीन अस्पतालों के निर्माण में देरी हुई जिसकी वजह से 382 करोड़ का अतिरिक्त खर्चा आया.

एजेंसी

विधानसभा में सीएम रेखा गुप्ता ने शुक्रवार ( 28 फरवरी ) को कैग की दूसरी रिपोर्ट पेश की. ये रिपोर्ट हेल्थ सेक्टर को लेकर है. इस पर चर्चा करते हुए बीजेपी विधायक हरीश खुराना ने कहा कि 240 पेज की रिपोर्ट को देखें तो साफ दिखाई देता है कि वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं. 11 साल के शासन में सिर्फ तीन अस्पताल या तो बने हैं या उसे एक्सटेंशन दिया. इंदिरा गांधी अस्पताल में पांच साल की देरी हुई, 314 करोड़ के फंड की वृद्धि हुई.इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बुराड़ी के अस्पताल में भी देरी हुई. कुभटल तीन अस्पताल के निर्माण में हुई देरी के कारण 382 करोड़ का अतिरिक्त खर्च हुआ. कोविड में केंद्र सरकार ने जो फंड दिया था उसका भी इस्तेमाल नहीं किया. चर्चा में हिस्सा लेते हुए बीजेपी विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने कहा, "हेल्थ केयर फेसिलिटी को लेकर केंद्र सरकार ने जो पैसा दिया उसका दिल्ली सरकार उपयोग नहीं कर पाई. डीडीए ने जो जगह हेल्थ सर्विस के लिए जगह दिया उसका उपयोग नहीं किया. खराब गुणवत्ता की दवाई जांच में मिली. जिन कंपनियों को कई प्रदेश में ब्लैक लिस्ट किया गया उन ब्लैक लिस्टेड के साथ भी दिल्ली सरकार ने संबंध रखा।



संज्ञान पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को तलब किया गया

# पॉक्सो केस में चार्जशीट पर विशेष अदालत ने संज्ञान लिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। एक विशेष अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत एक मामले में कर्नाटक सीआईडी पुलिस द्वारा दायर चार्जशीट पर नए सिरे से संज्ञान लिया है। यह घटनाक्रम दिग्गज भाजपा नेता के खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही में एक महत्वपूर्ण कदम है।अदालत के फैसले के बाद, येदियुरप्पा को 15 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। 7 फरवरी को, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पोक्सो मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अग्रिम जमानत दे दी थी। अदालत ने याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए फैसला सुनाया कि मामले का संज्ञान लेने वाला आदेश समाप्त हो गया है, लेकिन अपराध, जांच और अंतिम रिपोर्ट बरकरार है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना, जिन्होंने पहले येदियुरप्पा को गिरफ्तारी के खिलाफ अंतरिम संरक्षण दिया था, ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया।यह मामला 14 मार्च, 2024 को एक महिला की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था, जिसने आरोप लगाया था कि येदियुरप्पा ने उसकी 17 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी, जब वे मदद मांगने के लिए बेंगलुरु के डॉलर्स कॉलोनी में उनके आवास पर गए थे। मां, जो अब इस दुनिया में नहीं रही, ने भाजपा नेता पर पैसे का लालच देकर उन्हें चुप कराने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया था।शिकायत के आधार पर, पुलिस ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के लिए पोक्सो अधिनियम की धारा 8 और भारतीय दंड संहिता ( आईपीसी ) की धारा 354 (ए) के तहत येदियुरप्पा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सुनवाई के दौरान, येदियुरप्पा के वकील ने आरोपों से इनकार करते हुए तर्क दिया था कि मां और बेटी ने पहले भी एक पुराने मामले के संबंध में उनसे संपर्क किया था, जिसमें लड़की का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा यौन उत्पीड़न किया गया था। उनके वकील ने अदालत को बताया था, वह पिछले मामले के विवरण की जाँच कर रहे थे, जिसमें पीड़िता का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा यौन उत्पीड़न किया गया था और जिसके लिए वह और उसकी माँ पहले भी मदद के लिए उनसे (येदियुरप्पा) संपर्क कर चुकी थीं। हालाँकि, राज्य अभियोजन पक्ष ने इन दावों का खंडन करते हुए तर्क दिया था कि येदियुरप्पा के खिलाफ पर्याप्त सामग्री मौजूद है





## सम्पादकीय

# महाकुंभ का विराट आयोजन, अनेक संदेशों के साथ समापन

धार्मिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक स्तर पर चमत्कृत करने वाले अनेक संदेशों के साथ महाकुंभ का समापन हो गया। यह सबसे अधिक जनसमूह वाला विराट आयोजन सिद्ध हुआ। तीर्थराज प्रयागराज में 45 दिनों के अंदर जितना विशाल जनसमूह उमड़ा, उसकी कल्पना भी नहीं की गई थी ।अनुमान 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का था, लेकिन आए 60 करोड़ से अधिक ।इससे इसकी ही पुष्टि हुई कि भारतीय जनमानस धर्म-अध्यात्म और अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से कितना अधिक प्रेरित है ।इसी प्रेरणा के चलते कई देशों की कुल आबादी से भी अधिक लोग बिना किसी निमंत्रण प्रयागराज पहुंचे ।महाकुंभ ने यह बताया कि देश में अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति एक नई चेतना विकसित हुई है। इसी कारण जब यह अनुमान लगाया जा रहा था कि समापन के दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आएगी, तब ठीक इसके उलट देखने को मिला। यदि महाकुंभ ने अविस्मरणीय छाप छोड़ी तो इसके लिए धन्यवाद के पात्र वे भी हैं जो इसके आयोजन में प्राणपण से जुटे। इसी के साथ प्रयागराजवासियों के आतिथ्य भाव को भी सराहा जाना चाहिए। अब जब यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों में भारी भीड़ उमड़ने के आसार बढ़ गए हैंतब यह और अच्छे से सीखा जाना चाहिए कि भीड़ प्रबंधन और सुरक्षित कैसे किया जाए ।महाकुंभ ने समस्त विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचा तो केवल इसलिए नहीं कि मानव इतिहास में एक स्थान पर इतने लोग इसके पहले कभी नहीं जुटे, बल्कि इसलिए भी कि यह आयोजन डिजिटल क्रांति के दौर में हुआ ।महाकुंभ ने नए सिर से यह स्थापित किया कि भारत अपनी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति में रचा-बसा धर्म, अध्यात्म और दर्शन का एक ऐसा स्थल है, जो अनुपम है। प्रयागराज जाने को लेकर उमड़े श्रद्धालुओं ने यह भी रेखांकित किया कि विज्ञान और अध्यात्म अलग-अलग क्षेत्र भले हों, लेकिन उनमें समानताएं भी हैं, क्योंकि दोनों अपनी-अपनी तरह से जीवन के रहस्य खोजते हैं। यह निराशाजनक रहा कि जब इस धरती का सबसे बड़ा उत्सव आयोजित हो रहा था, तब कुछ लोगों ने संकीर्णता का परिचय दिया। ऐसा करने वाले यह जानबूझकर भूल गए कि इतने बड़े आयोजन में कुछ समस्याएं उभरना अस्वाभाविक नहीं। निःसंदेह जो समस्याएं उभरीं और जिनके चलते कुछ लोगों को कष्ट उठाने पड़े, उनके लिए गुंजाइश नहीं छोड़ी जानी चाहिए थी, लेकिन उनके बहाने महाकुंभ को फालतू बताना और उसकी व्यवस्था को सिरे खारिज करना छिद्रान्वेषी मानसिकता ही है। यदि महाकुंभ ने अविस्मरणीय छाप छोड़ी तो इसके लिए धन्यवाद के पात्र वे भी हैं, जो इसके आयोजन में प्राणपण से जुटे। इसी के साथ प्रयागराजवासियों के आतिथ्य भाव को भी सराहा जाना चाहिए।

## आज का विचार







**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :**वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :**आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :**आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :**आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :**आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :**आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :**आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**मीन :**आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# माकपा के बदले सुर का मतलब, बड़े राजनीतिक बदलाव का सूचक

> केरल में 2026 में विधानसभा का चुनाव है जबकि बिहार में इसी साल है। बिहार के विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस भी है और वाम दल भी। केरल में माकपा के भाजपा समर्थक रुख का असर बिहार में भी पड़ सकता है। विजयन के बदले रुख के नैरेटिव का भाजपा प्रचार करेगी तो कांग्रेस गठबंधन की राजनीति में सीपीएम पर नए रुख को साफ करने का दबाव बना सकती है।

देश की वामपंथी राजनीति हर संभव मंच से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को सांप्रदायिक एवं समाज विरोधी बताने की मुनादी करती रही है। भाजपा के लिए वह फासीवादी विशेषण का भी इस्तेमाल करती रही है। अब लगता है कि उसका भाजपा को लेकर पुराना सोच बदलने लगा है। वाम मोर्चे की प्रमुख घटक माकपा यानी सीपीएम की केरल इकाई ने मुख्यमंत्री पी. विजयन के नेतृत्व में अपने एक नोट में हाल में यह कहकर सबको चौंका दिया कि वह मोदी सरकार को फासीवादी या नियो फासिस्ट नहीं मानती। केरल से ही सीपीएम की केंद्रीय समिति के सदस्य आर. बालन भी खुलकर कह चुके हैं कि उनकी पार्टी ने कभी भाजपा सरकार को फासीवादी नहीं कहा। दिलचस्प यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा को रोकने के लिए गठित विपक्षी मोर्चे आईएनडीआईए की एक धुरी वामपंथी धारा भी है। ऐसे में जब उसकी ही प्रमुख इकाई सीपीएम भाजपा को लेकर अपनी पुरानी राय बदलने लगे तो बहस होना स्वाभाविक है। केरल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रमेश चेन्निथला को सीपीएम के इस रुख से राज्य में कांग्रेस का भविष्य डगमगाता दिखने लगा है। उन्होंने यह कहने में देर नहीं लगाई कि सीपीएम का यह नोट केरल के अगले विधानसभा चुनावों में भाजपा समर्थक वोटरों का समर्थन हासिल करने की रणनीति है। सीपीआई यानी भाकपा ने भी माकपा के बदले सुर पर आपत्ति जताई है। इस सियासी तूफान के बीच केरल कांग्रेस के अहम नेता शशि थरूर भी बगावती मुद्रा में आ गए हैं। ऐसे में कांग्रेस का अधिक चिंतित होना स्वाभाविक है। भाजपा को लेकर सीपीएम का ताजा रुख एक बड़े वर्ग को नागवार गुजर सकता है, लेकिन ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। राजीव गांधी विरोधी लहर के बाद बनी वीपी सिंह की संयुक्त मोर्चा की सरकार को भाजपा के साथ वाममोर्चे ने भी बाहरी समर्थन दिया था, जिसमें सीपीएम मुख्य घटक थी। इससे पहले 1969 में पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के नेता गुरनाम सिंह की अगुआई में चार दलों ने मिलकर संयुक्त मोर्चा की सरकार बनाई थी। उसमें अकाली दल के 43, जनसंघ (अब भाजपा) के आठ, सीपीआई के चार और सीपीएम के दो सदस्यों के साथ दो निर्दलीय विधायक भी शामिल थे। उस सरकार के उपमुख्यमंत्री जनसंघ नेता बलराम दास टंडन थे। उसी सरकार में पंजाब की वामपंथी राजनीति के दिग्गज सतपाल डांग खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री बने थे। पंजाब की तरह बंगाल के 1967 के चुनावों में भी कांग्रेस की पराजय हुई। तब बांग्ला कांग्रेस, सीपीएम, सीपीआई और जनसंघ ने मिलकर सरकार बनाई थी, जिसके अगुआ बांग्ला कांग्रेस के अध्यक्ष अजय मुखर्जी थे। जब तक कांग्रेस राजनीति की धुरी रही, विपक्षी खेमे के लिए गैर-कांग्रेसवाद बड़ा मुद्दा रहा। 1967 की बंगाल की सरकार रही हो या 1969 की पंजाब की सरकार, उनके गठन में सीपीएम और जनसंघ का साथ आना गैर कांग्रेसवाद का ही नतीजा था। हालांकि भारतीय राजनीति में इंदिरा गांधी के बाद वामपंथी राजनीति के लिए गैर कांग्रेसवाद मुद्दा नहीं रहा, बल्कि कभी पर्दे के पीछे तो कभी सामने से कांग्रेस का साथ देने में वामपंथी राजनीति कहीं ज्यादा सहज रही। वास्तव में वामपंथी राजनीति हमेशा से विरोधाभासी रही है। दुनिया की चुनी हुई पहली वामपंथी सरकार 1957 में केरल में ईएमएस नंबूदरीपाद की अगुआई में बनी थी। इसे दो साल बाद ही नेहरूजी की सरकार ने बर्खास्त कर दिया था। इसके बावजूद पूरी वामपंथी राजनीति की वैचारिक यात्रा को देखेंगे तो वह नेहरू के कथित आदर्शवादी स्वप्न की ही प्रशंसक नजर आती है। इस प्रशंसा के बावजूद बंगाल, केरल और त्रिपुरा में वह कांग्रेस की ही सबसे प्रबल विरोधी रही। बंगाल में माकपा के नेतृत्व में वाम दलों का 34 साल तक शासन रहा। त्रिपुरा में भी वाम दलों की सत्ता रही। केरल में लगातार दूसरी बार उनकी सरकार है। अतीत में केरल में कभी उनकी तो कभी कांग्रेस की अगुआई वाली संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार रही है। यानी स्थानीय स्तर पर सीपीएम की राजनीति कांग्रेस विरोध पर ही केंद्रित रही है। पीएम मोदी ने कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया था। अब सीपीएम की केरल इकाई का नोट एक तरह से कांग्रेस मुक्त नारे का केरल में विस्तार दिख रहा है। केरल में संघ ताकतवर है और वामपंथी उसके कट्टर विरोधी हैं। यह विरोध अक्सर खूनी रूप लेता रहा है। केरल में संघ समर्थित वोटरों का बड़ा समूह है। वाम मोर्चे को हराने के लिए संघ समर्थित कई वोटर कांग्रेसी मोर्चे को वोट देते रहे। कांग्रेस को डर है कि विजयन के नए रुख से संघ समर्थक वोटरों में संशय बढ़ेगा और संभव है कि वे वामदलों को किसी भी कीमत पर हराने का विचार त्याग दें। इससे केरल की राजनीति बदल सकती है। सीपीएम के इस रुख से विपक्षी राजनीति भी बदल सकती है। केरल में 2026 में विधानसभा का चुनाव है, जबकि बिहार में इसी साल है। बिहार के विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस भी है और वाम दल भी। केरल में माकपा के भाजपा समर्थक रुख का असर बिहार में भी पड़ सकता है। विजयन के बदले रुख के नैरेटिव का भाजपा प्रचार करेगी तो कांग्रेस गठबंधन की राजनीति में सीपीएम पर नए रुख को साफ करने का दबाव बना सकती है। इससे विपक्षी गठबंधन में गांठ बढ़ सकती है।



# शिक्षा,साक्षरता और संस्कार राष्ट्र के विकास के मजबूत पहिए

संजीव ठाकुर

शिक्षा और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है ।सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है। सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है ।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है



ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है ।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है

परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी, साहस की भावना को परिष्कृत करती है ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फजीर्वाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।

# भारतीय उच्च शिक्षा में महिलाओं के अग्रणी परिवर्तन

विजय गर्ग

महिला शैक्षणिक नेता और उद्यमी न केवल संस्थानों को आकार दे रहे हैं, बल्कि उनके ग्रिट और दृढ़ संकल्प के साथ भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ाते हैं महिलाएं आज सामने से अग्रणी हैं - शिक्षाविदों या शिक्षा, मीडिया, स्वास्थ्य सेवा, सशस्त्र बलों और कई अन्य क्षेत्रों में। देश एक महत्वपूर्ण बदलाव देख रहा है कि महिला नेताओं को पहले कैसे माना जाता था। भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य भी एक मजबूत महिला-नेतृत्व वाले बल द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो देश की प्रगति की नींव रखता है, सामाजिक-आर्थिक विकास, आत्मनिर्भरता और जीवन की बेहतर गुणवत्ता के लिए अवसरों को अनलॉक करता है। कहने की जरूरत नहीं है, विकसीट भारत की यात्रा में महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा आवश्यक है। शिक्षित महिलाएं परिवर्तन, उत्थान परिवारों, समुदायों को मजबूत करती हैं और राष्ट्रीय प्रगति को ईंधन देती हैं, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्थायी प्रभाव पैदा करती हैं। वर्तमान परिदृश्य और उल्लेखनीय उल्लेख भारतीय उच्च शिक्षा तब पुरुष-प्रधान रहती है जब यह नेतृत्व की बात आती है, यहां तक कि महिलाएं एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, डेटा बताते हैं। 2021 में, महिलाओं ने भारतीय उच्च शैक्षणिक संस्थानों के सिर्फ 9.55 प्रतिशत का नेतृत्व किया, जबकि पुरुषों ने 89.57 प्रतिशत का नेतृत्व किया। यह अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं के अधिक समावेशी प्रतिनिधित्व को बेहद महत्वपूर्ण बनाता है। यदि हम अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के साथ भारत की तुलना करते हैं, तो इसे भरने के लिए अभी भी एक बड़ा अंतर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, वैश्विक स्तर पर शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में 25 प्रतिशत नेतृत्व के पदों पर महिलाओं द्वारा कब्जा कर लिया गया है। अच्छी खबर यह है कि तस्वीर काफी बदल रही है, खासकर पिछले कुछ वर्षों में। यहां तक ??कि अतीत में, देश ने एक अग्रणी समाज सुधारक, सावित्रिबाई फुले जैसे दूरदर्शी महिला नेताओं को देखा है, जिन्होंने अपने पति ज्योतिरो फुले के साथ, 1848 में लड़कियों के लिए भारत के पहले स्कूल की स्थापना की, जिसमें महिलाओं की शिक्षा और सामाजिक न्याय की चैंपियन थे। अन्य उल्लेखनीय और व्यावहारिक महिला नेता जो उच्च शिक्षा में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित कर रहे हैं, उनमें लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के सुश्री रश्मि मित्तल, प्रो-चांसलर और नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के डॉ। उमा भारद्वाज, वाइस-चांसलर शामिल हैं। अन्य सम्मानजनक उल्लेखों में डॉ। मधु चितकारा, चितकारा विश्वविद्यालय में समर्थक चांसलर और 42 साल के एक विशाल अनुभव के साथ एक उच्च शिक्षा उद्यमी शामिल हैं, जिन्होंने खरोंच से एक सफल विश्वविद्यालय का निर्माण किया है; डॉ। अनन्या मुखर्जी, शिव नादर विश्वविद्यालय, दिल्ली-एनसीआर के कुलपति, एक संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त। इसके अलावा, व्यवसाय और उद्यमशीलता के अंतरिक्ष में महिला नेताओं ने भी भारतीय युवाओं को प्रेरित किया है। उल्लेखनीय उल्लेखों में किरण माजुमदार शॉ और इंद्र नूयोई शामिल हैं। महिला नेता समावेशी वातावरण और नवाचार के माध्यम से भारतीय उच्च शिक्षा को बदल रही हैं। नेतृत्व की स्थिति में अधिक महिलाएं विविधता बढ़ाती हैं और शिक्षाविदों में नए दृष्टिकोण लाती हैं। अपने प्रयासों के माध्यम से, वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए भारत में अधिक प्रगतिशील और न्यायसंगत शैक्षिक परिदृश्य के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। अकादमिया में महिला नेताओं द्वारा सामना की गई चुनौतियां महिला नेताओं के लिए चुनौतियों में एक छोर पर सामाजिक रूढ़िवादिता और दूसरे में एक संस्था की बाधाएं शामिल हैं।

# मुझे छोड़ दो! वह गिड़गिड़ाती रही लेकिन दरिंदा... पुलिस ने कोर्ट में बताया 'शिवशाही' बस में उस रात क्या हुआ

- दत्तात्रेय गाडे को 68 घंटे बाद गिरफ्तार किया गया
- अदालत ने आरोपी को 12 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेजा
- आरोपी के खिलाफ पहले से ही कई अपराध दर्ज हैं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईःस्वारगेट एसटी डिपो बलात्कार मामले के आरोपी दत्तात्रेय गाडे को पुलिस ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान के बाद 68 घंटे बाद आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। उसे 27 फरवरी की देर रात करीब डेढ़ बजे गुनात गांव से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आज उसे पुणे में शिवाजी कोर्ट में पेश किया गया। इस बार पुलिस ने उसकी 14 दिन की पुलिस हिरासत मांगी थी। सरकारी वकील और आरोपी के वकीलों की दलीलों के बाद अदालत ने आरोपी दत्तात्रेय गाडे को 12 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इस दौरान मामले के जांच अधिकारी युवराज नांद्रे ने जज के सामने घटना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बताया गया है कि सुनवाई खाली अदालत में हुई। इस समय युवराज नांद्रे ने घटना का विवरण देते हुए कहा कि यह घटना 25 फरवरी को स्वारगेट पुलिस स्टेशन की सीमा में घटी। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। इस घटना में पीड़िता अपने पैतृक गांव जाने के लिए स्वारगेट एसटी स्टैंड पर पहुंची थी। अचानक एक व्यक्ति पीड़िता के पास आया और उससे पूछा कि वह कहां जा रही है? जांच अधिकारी ने यह भी कहा कि वह पीड़िता से कंडक्टर के तौर पर बात कर रहा था और ताई कहकर उसका विश्वास हासिल कर रहा था।

# महाकुंभ मेले में नहीं गए उद्धव ठाकरे, देवेंद्र फडणवीस बोले- सनातन धर्म में आस्था रखते हैं...

## उद्धव ठाकरे ने महाकुंभ में शामिल न होने पर तीखी टिप्पणी की

शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे को पहले आत्म-परीक्षण करना चाहिए और खुद को आईने में देखना चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे कई चीजें बोलते हैं और मेरे पास हर दिन उनका जवाब देने के लिए पर्याप्त समय नहीं है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक उत्सव प्रयागराज के महाकुंभ मेले का महाशिवरात्रि के दिन समापन हुआ। इस दिन लगभग 1.44 करोड़ लोगों ने पवित्र स्नान किया। 13 जनवरी 2025 से 45 दिनों तक चलने वाले महाकुंभ मेले में 66.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। महाकुंभ मेला परिसर हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। इस महाकुंभ मेले में अलग-अलग दलों के राजनीतिक नेताओं, प्रतिष्ठित हस्तियों और मशहूर हस्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गंगा में डुबकी लगाई। इस महाकुंभ ने कई विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और इसका जिक्र गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी किया गया है। लेकिन, उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे महाकुंभ मेले में नहीं गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### उद्धव ने क्या कहा था?

हमें यह सोचने की जरूरत है कि हमने पहले प्रणाम करते समय राम-राम कहने के बजाय श्री राम कहना कब शुरू किया? कुछ लोगों ने महाराष्ट्र को धोखा दिया और गंगा में डुबकी लगाई। चाहे वे कितनी भी डुबकी लगा लें, उन्हें फिर भी देशद्रोही करार दिया जाएगा। उन्होंने जो पाप किया है, वह धुल नहीं सकेगा। अब मुझे गंगाजल दिया गया। मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान की बात है। यहां 50 बक्से लेकर जाना और वहां गंगा में डुबकी लगाना कोई मतलब नहीं रखता। उद्धव ठाकरे ने यह आलोचना करते हुए कहा कि कोई चाहे जितनी बार गंगा में जाकर डुबकी लगा ले, विश्वासघात का दाग तो रह ही जाएगा। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस बयान के बारे में पूछा।

### हिंदू जीवन शैली को पसंद करने वाले सभी लोग महाकुंभ मेले में गए

विपक्ष ने भी महाकुंभ मेले में भाग लिया। रोहित पवार समेत कई नेताओं ने प्रयागराज जाकर गंगा में डुबकी लगाई। हालांकि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उद्धव ठाकरे के महाकुंभ मेले में शामिल नहीं होने के बारे में प्रतिक्रिया मांगी गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सनातन धर्म में आस्था रखने वाले और हिंदू जीवन पद्धति से प्रेम करने वाले सभी लोग महाकुंभ मेले में गए।

फास्ट ट्रैक

# पमरे के एक अधिकारी सहित 66 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत अधिकारी वरिष्ठ यातायात प्रबंधक श्री ए के एस यादव एवं दो रेलकर्मियों सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 66 रेलकर्मी शुक्रवार 28 फरवरी 2025 को सेवानिवृत्त हुए। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 28 फरवरी 2025 को अपर महाप्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर ने वरिष्ठ यातायात प्रबंधक श्री ए के एस यादव के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किये। सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गईं। सेवानिवृत्ति समारोह के अवसर प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) श्री अजय कुमार दीक्षित सहित उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (एचआरडी) सुश्री पूर्णिमा जैन एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। शुक्रवार को सेवानिवृत होने वालों में मुख्यालय में 01 अधिकारी एवं 02 रेल कर्मचारियों, जबलपुर मंडल में 18 रेल कर्मचारियों, भोपाल मण्डल में 19 रेल कर्मचारियों, भोपाल कारखाना में 07 रेल कर्मचारियों, भोपाल निर्माण में 01 रेल कर्मचारी, कोटा मण्डल में 15 रेल कर्मचारियों एवं कोटा कारखाना में 03 रेल कर्मचारियों सहित पमरे पर कुल 66 रेल कर्मियों की सेवानिवृत्ति हुई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन के द्वारा शुभकामनाए दी गईं।

# मध्य रेल सांस्कृतिक दल द्वारा अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य)-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

## सर्वश्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन के लिए सरताज ट्रॉफी सम्मान







भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल की सांस्कृतिक टीम ने 26 और 27 फरवरी 2025 को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई में आयोजित अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य)-2025 में सर्वश्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन के लिए सरताज ट्रॉफी सम्मान हासिल किया। अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य)-2025 में 2 श्रेणियों में प्रतियोगिता हुई। एकल शास्त्रीय नृत्य और समूह नृत्य। मध्य रेल की रितुपर्णा भौमिक ने कथक नृत्य की प्रस्तुति के लिए 17 प्रतिभागियों में से एकल शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में प्रथम पुरस्कार जीता। मध्य रेल समूह नृत्य टीम ने महाराष्ट्र और गुजरात की सीमा पर स्थित डांग क्षेत्र के लोक नृत्य डांगी नृत्य की प्रस्तुति के लिए 18 टीमों में से समूह नृत्य श्रेणी में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। मध्य रेल नृत्य टीम ने भारतीय रेल के भाग लेने वाले सभी क्षेत्रीय रेलवे, कारखानों और उत्पादन इकाइयों के बीच सर्वश्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन के लिए प्रदान की जाने वाली सरताज ट्रॉफी भी जीती। मध्य रेल के कुल 23 कलाकार, जिनमें नर्तक, कोरियोग्राफर, संगतीकार, मेकअप कलाकार, सहायक शामिल थे, जिनका नेतृत्व टीम मैनेजर ने किया। मध्य रेल सांस्कृतिक अकादमी (सीआरसीए) जो मध्य रेल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नोडल संगठन है, मंडल स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है और विजेताओं को क्षेत्रीय स्तर पर मध्य रेल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाता है। मध्य रेल के महाप्रबंधक एवं सीआरसीए के संरक्षक श्री धर्म वीर मीना ने मध्य रेल की टीम को बधाई दी और उन्हें ऐसे ही शानदार प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया। श्री अरविंद मालखेड़े, प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, मध्य रेल एवं अध्यक्ष, सीआरसीए, ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की तथा वांछित परिणाम प्राप्त करने में टीम वर्क के महत्व पर प्रकाश डाला। अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता, क्षेत्रीय स्तर पर एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो नृत्य, नाटक और संगीत जैसे 3 भागों में आयोजित किया जाता है, जिसमें भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलवे, कारखानों और उत्पादन इकाइयों से विभिन्न श्रेणियों में बड़ी संख्या में प्रतिभागी भाग लेते हैं। इसका उद्देश्य योग्य कर्मचारियों और उनके आश्रितों को खोजना, उन्हें प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

# वरिष्ठ भारतीय भाषाविदों का सम्मान समारोह संपन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद स्थित लाल बहादुर शास्त्री भारतीय संस्कृति केंद्र में गुरुवार, 27 फरवरी 2025 को दोपहर 3 बजे एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय भाषाओं के वरिष्ठ विद्वानों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय दूतावास और संस्कृति केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और वैश्विक स्तर पर उनके प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले विद्वानों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में भारत और उज्बेकिस्तान के कई गणमान्य व्यक्तियों, राजनयिकों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों और भाषा विशेषज्ञों ने शिरकत की। इस अवसर पर भारतीय राजदूत श्रीमती स्मिता पंत, ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज के आमंत्रित प्रोफेसर, अमेरिकन यूनिवर्सिटी से डॉ परवीन कुमार, स्थानीय प्रशासन के कई अधिकारी और भारतीय संस्कृति केंद्र के कार्यवाहक निदेशक श्री एम श्रीनिवासन जी उपस्थित रहे। भारतीय राजदूत श्रीमती स्मिता पंत जी ने अपने संबोधन में कहा,₹आज का यह आयोजन उन विद्वानों के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर है, जिन्होंने अपनी पूरी जीवन-यात्रा भारतीय भाषाओं को समर्पित कर दी। ये विद्वान भारत के सांस्कृतिक राजदूत हैं। सम्मानित होने वाले भारतीय भाषाविदों में कुछ ऐसे विद्वान भी थे जो अब जीवित नहीं हैं। उनके परिवार के सदस्यों ने उनके प्रतिनिधि के रूप में पुरस्कार स्वीकार किया। ऐसे विद्वानों में मोहम्मदजोनोव रहमोनबेरदी, गियासोव तैमूर, युल्दाशेव सादुल्ला, गुलोमोवो रानो, शमातोव आजाद, अमीर फैजुल्ला, नसरुल्लाएव जियादुल्ला और इब्राहिमोव असरुद्दीन शामिल रहे। अन्य सम्मानित विद्वानों में शिरीन जलीलोवा, आबिदो बख्तियोर, मिर्जैव शिरॉफ, निजामुद्दीनो नजमुद्दीन, रहमतो बयोत, रहमतो सेवार, मुहर्रम मिजेर्वा, सादिकोवा मौजूदा तथा कासीमोव अहमदजान शामिल रहे। सम्मान स्वरूप नगद राशि और पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। सम्मान के बाद कुछ विद्वानों ने सब की तरफ से आभार प्रकट किया। ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में हायर स्कूल विभाग प्रमुख डॉ निलुफर खोजएवा ने ऐसे आयोजनों की सार्थकता पर बल देते हुए दूतावास के प्रति आभार जताया। कउउफ हिन्दी चेयर पर कार्यरत डॉ मनीष कुमार मिश्रा ने उज्बेकिस्तान से शुरू हुए ताशकंद संवाद नामक पहले हिन्दी ब्लॉग की जानकारी दी तथा डिजिटल रूप में सभी उज्बेकी भारतीय भाषाविदों के साक्षात्कार को संरक्षित करने की योजना भी बताई। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ कमोला ने किया जिनकी तकनीकी सहायक मोतबार जी रहीं।

अंत में लाल बहादुर शास्त्री भारतीय संस्कृति केंद्र के कार्यवाहक निदेशक श्री एम श्रीनिवासन जी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समूह फोटो तथा स्नेह भोज के साथ यह कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस तरह यह सम्मान समारोह भारतीय भाषाओं के प्रति समर्पित व्यक्तियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और यह संदेश दिया कि भारतीय भाषाएं केवल भारत की नहीं, बल्कि पूरे विश्व की धरोहर हैं।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी 11 जोड़ी होली एवं ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा होली एवं ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर 11 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. ट्रेन संख्या 09001/09002 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल [102 फेरे]

ट्रेन संख्या 09001 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को मुंबई सेंट्रल से 22.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.40 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 मार्च से 30 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09002 खातीपुरा-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और रविवार को खातीपुरा से 19.05 बजे रवाना होगी और अगले दिन 13.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 04 मार्च से 01 जुलाई, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, आणंद, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़ और जयपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर और एसी 3 टियर क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09035/09036 बांद्रा टर्मिनसझ्बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल [34 फेरे]

ट्रेन संख्या 09035 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल प्रत्येक बुधवार को बांद्रा टर्मिनस से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.10 बजे बीकानेर पहुँचेगी। यह ट्रेन 05 मार्च से 25 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09036 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को बीकानेर से 10.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.40 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 06 मार्च से 26 जून 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, आणंद, साबरमती, महेसाणा, पाटन, भीलड़ी, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर और नोखा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर और एसी चेयर कार कोच होंगे।

3. ट्रेन संख्या 09129/09130 बांद्रा टर्मिनस-रीवा अनारक्षित साप्ताहिक स्पेशल [34 फेरे]

ट्रेन संख्या 09129 बांद्रा टर्मिनस-रीवा साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 04.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07.00 बजे रीवा पहुंचेगी। यह ट्रेन 6 मार्च से 26 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09130 रीवा-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को रीवा से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 7 मार्च से 27 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, जलगांव, भुसावल, खंडवा, पिपरिया नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर और सतना स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे।

4. ट्रेन संख्या 09025/09026 वलसाड झ्दानापुर साप्ताहिक स्पेशल [36 फेरे]

ट्रेन संख्या 09025 वलसाड-दानापुर स्पेशल प्रत्येक सोमवार को वलसाड से 08.40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 मार्च से 30 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09026 दानापुर-वलसाड स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 14.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21.30 बजे वलसाड पहुंचेगी। यह ट्रेन 04 मार्च से 01 जुलाई, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भेस्तान, नंदुरबार, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, मदन महल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे।

5. ट्रेन संख्या 09007/09008 वलसाड झ्खातीपुरा साप्ताहिक स्पेशल [34 फेरे]

ट्रेन संख्या 09007 वलसाड-खातीपुरा स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को वलसाड से 13.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08.10 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 06 मार्च से 26 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09008 खातीपुरा-वलसाड स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को खातीपुरा से 19.05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12:00 बजे वलसाड पहुंचेगी। यह ट्रेन 07 मार्च से 27 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में उधना, वडोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़ और जयपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे।

6. ट्रेन संख्या 09045/09046 उधना -पटना सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल [34 फेरे]

ट्रेन संख्या 09045 उधना-पटना सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को उधना से 08.35 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.30 बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन 07 मार्च से 27 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09046 पटना-उधना सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शनिवार को पटना से 13.05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.50 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 08 मार्च से 28 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नंदुरबार, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे।

7. ट्रेन संख्या 09057/09058 उधना-मंगलुरु द्वि-साप्ताहिक स्पेशल [70 फेरे]

ट्रेन संख्या 09057 उधना-मंगलुरु स्पेशल प्रत्येक बुधवार और रविवार को उधना से 20.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19.45 बजे मंगलुरु पहुँचेगी। यह ट्रेन 02 मार्च से 29 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09058 मंगलुरु-उधना स्पेशल प्रत्येक गुरुवार और सोमवार को मंगलुरु से 22.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.05 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 03 मार्च से 30 जून 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वलसाड, वापी, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, खेड़, चिपलून, सावर्डा, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कनकावली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम, करमाली, मडगांव, कानाकोना, कारवार, अंकोला, गोकर्ण रोड, कुमटा, मुरुडेश्वर, भटकल, मूकम्बिका रोड बायंदूर, कुंदपुरा, उडुपी, मुल्की और सुरथकल स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी सामान्य कोच होंगे।

8. ट्रेन संख्या 09117/09118 उधना -सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल [34 फेरे]

ट्रेन संख्या 09117 उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को उधना से 05.45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08.40 बजे सूबेदारगंज पहुँचेगी। यह ट्रेन 7 मार्च से 27 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09118 सूबेदारगंज-उधना साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शनिवार को सूबेदारगंज से 19.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.15 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 8 मार्च से 28 जून 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भरूच, वडोदरा, दाहोद, रतलाम, उज्जैन, मक्सी, शाजापुर, पचोर रोड, बियावरा राजगढ़, रुठियाई, गुना, बदरवास, शिवपुरी, ग्वालियर, मालनपुर, सोनी, भिंड, इटावा, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3 टियर और स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे।

9. ट्रेन संख्या 09411/09412 अहमदाबाद झ् ग्वालियर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल [36 फेरे]

ट्रेन संख्या 09411 अहमदाबाद-ग्वालियर सुपरफास्ट स्पेशल अहमदाबाद से प्रत्येक शनिवार को 20:25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13:00 बजे ग्वालियर पहुंचेगी। यह ट्रेन 01 मार्च से 28 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09412 ग्वालियर-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल ग्वालियर से प्रत्येक रविवार को 16:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:05 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन 02 मार्च से 29 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में आणंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, गुना और शिवपुरी स्टेशनों पर रुकेगी इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे।

10. ट्रेन संख्या 09575/09576 राजकोट झ् महबूबनगर साप्ताहिक स्पेशल [36 फेरे]

ट्रेन संख्या 09575 राजकोट-महबूबनगर स्पेशल प्रत्येक सोमवार को राजकोट से 13.45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.00 बजे महबूबनगर पहुँचेगी। यह ट्रेन 03 मार्च से 30 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09576 महबूबनगर-राजकोट स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को महबूबनगर से 22.10 बजे प्रस्थान करेगी और गुरुवार को 05.00 बजे राजकोट पहुँचेगी। यह ट्रेन 04 मार्च से 01 जुलाई 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वांकानेर, सुरेंद्रनगर, अहमदाबाद, नडियाद, आणंद, वडोदरा, उधना, नंदुरबार, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, वाशिम, हिंगोली, बासमत, पूर्णा, हजूर साहिब नांदेड़, धमाबाद, बसर, निजामाबाद, कामारेड्डी, मेडचल, काचीगुडा, उमदानगर, शादनगर और जडचेरला स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे।

11. ट्रेन संख्या 09324/09323 इंदौरझ् पुणे साप्ताहिक स्पेशल [34 फेरे]

ट्रेन संख्या 09324 इंदौर-पुणे स्पेशल प्रत्येक बुधवार को इंदौर से 11.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 03.10 बजे पुणे पहुंचेगी। यह ट्रेन 05 मार्च से 25 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09323 पुणे-इंदौर स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को पुणे से 05.10 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 23.55 बजे इंदौर पहुंचेगी। यह ट्रेन 06 मार्च से 26 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, उधना, वलसाड, वापी, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण और लोनावला स्टेशनों पर रुकेगी इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09411 की बुकिंग शुरू है। ट्रेन संख्या 09001, 09025, 09057 एवं 09575 की बुकिंग 01 मार्च, 2025 से, ट्रेन संख्या 09035 एवं 09324 की बुकिंग 02 मार्च, 2025 से तथा ट्रेन संख्या 09007, 09045 एवं 09117 की बुकिंग 04 मार्च, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# पश्चिम रेलवे के ग्रांट रोड और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच 01/02 मार्च, 2025 को मेजर ब्लॉक




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पुल संख्या 5 के री-गर्डरिंग कार्य को पूरा करने के लिए शनिवार/रविवार अर्थात 01/02 मार्च, 2025 को 22:00 बजे से 11:00 बजे तक ग्रांट रोड और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर 13 घंटे का एक मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान अप एवं डाउन फास्ट लाइनों की सभी ट्रेनों को चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच धीमी लाइनों पर चलाया जाएगा। इस कारण ब्लॉक के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी तथा चर्चगेट की कुछ ट्रेनों को बांद्रा/दादर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट/रीवर्स कर दिया जाएगा।

# एक लाख का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**साली की हत्या का आरोपी दो बार अदालत से भागा, मुंबई-दिल्ली में छिपकर करता था काम**

गाजियाबाद, क्राइम ब्रांच ने एक लाख रुपये के इनामी बदमाश नौशाद को गिरफ्तार कर लिया है। नौशाद पर साली की हत्या समेत 6 मुकदमे दर्ज हैं। वह दो बार पुलिस कस्टडी से फरार हो चुका है। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय के अनुसार, नौशाद ने 13 अगस्त 2016 को थाना खोड़ा के लोकप्रिय बिहार स्थित अपने घर में साली की हत्या कर दी थी।

**मध्य रेल**
**सोलापुर मण्डल**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.:- सोला/वि/नि/2024/30R कार्य का नाम:** वाडी यार्ड को ए श्रेणी माल ढुलाई परीक्षण यार्ड में अपग्रेड करने के संबंध में कार्य का विद्युत सामान्य सेवा भाग । (पुनः आमंत्रण) **कार्य की लागत:** रु. 1,17,77,433.48/- **बोली प्रतिभूति:** रु. 2,08,900/- **कार्य पुरा करने की अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय:** दि. 24/03/2025 को 15.00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर करना है। **ANJ-41**

**टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे**

# बीमा पॉलिसियों का एकाधिकार, ठाणे में ठेकेदार हैरान :नारायण पवार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,विवाह हॉल और डाइनिंग रूम के एकाधिकार से जहां आम लोग प्रभावित हो रहे हैं, वहीं अब बीमा निदेशालय का भी बीमा पॉलिसियों पर एकाधिकार हो गया है। ठाणे मनपा की सीमा के भीतर संविदा कार्यों और संविदा श्रमिकों की बीमा पॉलिसियों को एक विशेष कंपनी और एक ही शाखा से लेने के लिए मजबूर किया गया है। ठाणे में बीमा पॉलिसियों की ऊंची दर, खराब सेवा और बीमा कंपनी के कर्मचारियों के उत्पीड़न से ठेकेदार परेशान हैं। इस सवाल पर भाजपा के पूर्व नगर सेवक नारायण पवार ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस का ध्यान आकर्षित किया है। राज्य सरकार ने संविदा पर काम करने वाले और संविदा पर काम करने वाले कर्मचारियों का बीमा कराने का निर्णय लिया है। जिसके अनुसार किसी भी सरकारी बीमा कंपनियों को बीमा लेने की अनुमति दी जानी चाहिए थी। हालाँकि, प्रतिस्पर्धा के वर्तमान युग के बावजूद, राज्य सरकार के बीमा निदेशालय ने केवल खोपट में एक विशेष बीमा कंपनी की शाखा के माध्यम से बीमा पॉलिसियाँ जारी करने का आदेश जारी किया ।पिछले दो साल से शिकायत मिल रही थी कि इस कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी सेवाएं देने के बदले अपने काम में लगातार टोल वसूल रहे हैं। ठेकेदारों की शिकायतों पर विचार नहीं किया जाता। अधिक बीमा राशि, पॉलिसी पंजीकरण में कई त्रुटियाँ कर्मचारियों के अहंकारपूर्ण व्यवहार के कारण बीमा कंपनी शनिवार और रविवार को अपेक्षित सेवा में देरी कर रही है। ऐसे में ठेकेदार हैरान हैं।केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित कई सरकारी बीमा कंपनियां ठाणे शहर में काम कर रही हैं। ये कंपनियां प्रतिस्पर्धी तरीके से गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, अधिक छूट और न्यूनतम बीमा प्रीमियम की पेशकश कर सकती हैं। हालाँकि, किसी एक कंपनी को बीमा लेने की अनुमति देना वांछित सेवा प्रदान नहीं करता है। इसलिए बीमा पॉलिसी लेने के लिए संबंधित कंपनी की बाध्यता को हटाने की मांग मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस से की गई है, ऐसा पूर्व नगर सेवक नेता नारायण पवार ने कहा है।

# शिक्षा अधिकारी राजकुमार जतकर को उनके पद से हटाए जाने से राकांपा(शरद पवार) पूर्ण संतुष्ट नहीं है- अविनाश देशमुख

## राजकुमार जतकर की सेवाएं समाप्त की जाए और उनकी संपत्ति की पूर्णतया जांच की जाए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





बदलापुर.बदलापुर में विगत दिनों स्कूली छात्रा के साथ अश्लील कृत्य का मामला चर्चा में आया था और समूह शिक्षा अधिकारी राजकुमार जतकर द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करके भ्रष्टाचार द्वारा संपत्ति एकत्र करने। पद की गरिमा की अवहेलना करके भाई-भतीजावाद की नीति द्वारा कार्य करने का मामला प्रकाश में आया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के प्रदेश महासचिव अविनाश देशमुख ने राजकुमार जतकर के कृत्यों का घोर विरोध किया था और विगत 11 फरवरी को उनके द्वारा समूह शिक्षा अधिकारी राजकुमार जतकर की कुर्सी पर नोटों की माला डालकर उनका विरोध किया था। उनके द्वारा राजकुमार जतकर को पद से निष्काषित करने की शासन स्तर पर जोरदार मांग की गई थी। अंततः शासन स्तर पर समूह शिक्षण अधिकारी राजकुमार जतकर के प्रति सख़्त कार्यवाही करते हुए उन्हें समूह शिक्षण अधिकारी के कार्यों से पदमुक्त किया गया। उन्हें समूह शिक्षण अधिकारी के पद से हटाकर उनके स्थान पर कुंदा पंडित उपशिक्षण अधिकारी (प्राथमिक) को नियुक्त किया गया है। समूह शिक्षण अधिकारी राजकुमार जतकर को उनके पद से हटाने पर राकांपा महासचिव अविनाश देशमुख ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शासन द्वारा राजकुमार जतकर को उनके पद से हटाने के प्रकरण से हम पूर्ण संतुष्ट नहीं है। हमारा मानना है कि राजकुमार जतकर द्वारा किए गए कृत्यों को देखते हुए ये सजा कम है। राजकुमार जतकर को जब तक उनके पद से पूर्णतया निष्काषित नहीं किया जाता और उनके भ्रष्ट आचरण और उनके द्वारा एकत्र की गई अवैध संपत्ति की सही से जांच नहीं की जाती तब तक राकांपा संतुष्ट नहीं होगी। देशमुख ने आगे कहा कि राजकुमार जतकर एक गैर जिम्मेदार, पद की गरिमा तार-तार करने वाले भ्रष्ट अधिकारी है। इन्होंने शिक्षा विभाग जैसे पवित्र विभाग में रहकर गैरकानूनी कार्यों को अंजाम दिया है। उनके द्वारा अपने पद और प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए अवैधानिक कार्यों को अंजाम दिया है। राकांपा पार्टी ऐसे अधिकारी के प्रति सख़्त से सख्त कार्यवाही का समर्थन करती है और जब तक ऐसे अधिकारियों को उनकी सही जगह पहुंचा नहीं देती तब तक चुप बैठने वाली नहीं है।

फास्ट ट्रैक

# बिना निवासियों के अवैध निर्माण पर पहले हथौड़ा चले : संजय वाघुले

ठाणे, डोंबिवली और दिवा में 119 इमारतों के निवासी बेघर होने के डर से घबराए हुए हैं, वहीं ठाणे शहर में तेजी से हो रहे अनधिकृत निर्माणों पर तुरंत अंकुश लगाया जाना चाहिए। भाजपा के ठाणे शहर जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने मनपा आयुक्त सौरभ राव को पत्र लिखकर मांग की है कि जिन इमारतों में निवासी नहीं है और निमार्णाधीन हैं, उन्हें तुरंत ध्वस्त किया जाना चाहिए। डोंबिवली में 65 इमारतों का निर्माण करते समय बिल्डरों ने फर्जी दस्तावेज जमा किए और महारेरा नंबर प्राप्त किए। तो दिवा इलाके में 17 साल पहले बनी 54 इमारतों पर भी कारवाई की तलवार लटक रही है इस प्रकार से संबंधित इमारतों का निर्माण करने वाले बिल्डर दक्ष हो गये हैं। हालांकि, मनपा के संबंधित सहायक आयुक्त और प्रभाग अधिकारियों को कार्रवाई की सूचना नहीं मिली है। इसलिए, भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने बताया कि इन अवैध निमार्णों में घर खरीदने वाले आम परिवारों को वित्तीय प्रभाव उठाना पड़ता है। कल्याण-डोंबिवली मनपा ने अवैध निर्माण के मामले में सहायक आयुक्त को निलंबित कर दिया है। हालांकि, ठाणे मनपा ने अभी तक किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।संजय वाघुले ने पत्र में आयुक्त को याद दिलाया है कि आयुक्त के दौरे की पृष्ठभूमि में अवैध निर्माण रोकने के निर्देश देने वाली तत्कालीन महिला सहायक आयुक्त का भी तबादला कर उन्हें टाल दिया गया था। पिछले कुछ वर्षों में अवैध निमार्णों से आम मध्यमवर्गीय नागरिक लगातार प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए अवैध निमार्णों के समय ही हथौड़ा चलाने की जरूरत है। इसलिए जिन इमारतों में निवासी नहीं रह रहे हैं, वहां अवैध इमारतों और चल रहे निर्माण को ध्वस्त किया जाना चाहिए। संबंधित निर्माण स्थलों पर तख्तियां लगायी जाएं कि अवैध निर्माण के कारण नागरिक मकान न खरीदें। साथ ही भाजपा के जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने मांग की है कि स्टांप ड्यूटी विभाग को सूचित किया जाए ताकि इस इमारत में मौजूद मकानों की रजिस्ट्री न हो।इसलिए भविष्य में डोंबिवली और दिवा के नागरिकों की तरह अन्य नागरिकों से भी ऐसा करने से बचना चाहिए। वाघुले ने पत्र में कहा है कि ठाणे मनपा सीमा में अवैध निर्माण के संबंध में बीट मार्शल द्वारा संबंधित प्रभाग अधिकारियों, सहायक मनपा आयुक्तों को जानकारी दी गई।लेकिन उसके बाद भी संबंधित अवैध निर्माण को प्रश्रय दिया गया। इसलिए जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने पूछा है कि इन अवैध निमार्णों को किसका आशीर्वाद है।

# अंबरनाथ में आज एडवोकेट निखिल अरविंद वालेकर के जन्मदिन के उपलक्ष में भव्य नृत्यकला स्पर्धा 2025 का आयोजन।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.अंबरनाथ पश्चिम स्थित खामकरवाड़ी शाखा और गणेश मित्र मंडल के सौजन्य से कल्याण भिवंडी लोकसभा के युवा सेना निरीक्षक और पूर्व नगरसेवक एड्वोकेट निखिल अरविंद वालेकर के जन्मदिन के उपलक्ष में आज सायंकाल 6 बजे से रात 10 बजे तक खामकरवाड़ी चौक अंबरनाथ पश्चिम में भव्य नृत्यकला स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।उक्त नृत्य कला स्पर्धा में विभिन्न श्रेणियों में नकद पुरुस्कार प्रदान किए जाएंगे। समूह नृत्यकला स्पर्धा के लिए प्रथम पुरस्कार 15000 हजार रुपए और ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 10000 रुपए और ट्रॉफी। एकल नृत्यकला स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 7000 रुपए और ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपए और ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 3000 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में दीपक बाबूराव पवार, सागर शिंदे आदि का विशेष योगदान है।




# पॉड टैक्सी का पायलट प्रोजेक्ट भाईंदर पाड़ा मेट्रो स्टेशन से विहंग हिल्स सर्कल के बीच लागू किया जाएगा :प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणेः , ठाणे शहर में यातायात की भीड़ को दूर करने के लिए भविष्य में स्वचालित पॉड टैक्सी परियोजना अनिवार्य होगी। उसी के एक भाग के रूप में, पॉड टैक्सियों की एक पायलट परियोजना को पायलट आधार पर भयंदर पाड़ा मेट्रो स्टेशन से घोड़बंदर मार्ग पर विहंग हिल्स सर्कल तक लागू किया जाएगा। यह जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दी है।वह ठाणे मनपा में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के अवसर पर बोल रहे थे। संकरी सड़कों और वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भविष्य में सड़क यातायात सीमित रहेगा। इसलिए रोप-वे, पॉड टैक्सी जैसी हवाई परिवहन व्यवस्था का कोई विकल्प नहीं है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में, न्यूट्रॉन ईवी मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से बड़ौदा में एक स्वचालित उन्नत पॉड टैक्सी परियोजना लागू की जा रही है। मंत्री सरनाईक ने गुजरात दौरे पर जाकर इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। इसी बीच तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसे बीकेसी में पायलट आधार पर लागू करने की मंजूरी दे दी है। इसी तर्ज पर मीरा-भाईंदर के ठाणे में घोड़बंदर मार्ग पर जे पी इन्फ्रास्ट्रक्चर से शिवाजी महाराज प्रतिमा और भयंदर पाड़ा मेट्रो स्टेशन से विहंग हिल्स सर्कल के बीच स्वचालित पॉड टैक्सियों की एक पायलट परियोजना लागू की जाएगी। इसके लिए मनपा की ओर से जगह उपलब्ध करायी जायेगी।इस प्रोजेक्ट का सारा खर्च संबंधित संस्था वहन करेगी और सरकार या मनपा को एक भी रुपया खर्च नहीं करना पड़ेगा। अगर यह प्रोजेक्ट सफल रहा तो भविष्य में ठाणे और मीरा-भायंदर मेट्रो कनेक्टिविटी में स्वचालित इलेक्ट्रिक पॉड टैक्सियों का नेटवर्क बनाना संभव होगा, यह बात मंत्री सरनाईक ने कही। इस बैठक में स्विमिंग पूल, श्मशान घाट, पार्क और डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर विपश्यना केंद्र, लता मंगेशकर संगीत विद्यालय जैसे विभिन्न विकास कार्यों की मंत्री सरनाईक ने समीक्षा की।

# अभिलेख वर्गीकृत के लिए शनिवार, रविवार को खुले रहेंगे जिप कार्यालय

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने राज्य सरकार के प्रशासनिक विभागों के लिए 100 दिन की कार्ययोजना तय की है। इसी तर्ज पर जिला परिषद, ठाणे के अंतर्गत आने वाले कार्यालयों के लिए 100 दिवसीय 7 सूत्रीय कार्य योजना पर जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के विशेष मार्गदर्शन में काम किया जा रहा है। जिला परिषद में स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा जिला परिषद के रिकार्ड रूम में प्रचलित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार सरकारी एवं अर्ध सरकारी कार्यालयों में लेखन की प्रक्रिया क्रियान्वित की जा रही है।इसके तहत कार्यालयों में रिकार्ड को सार्वजनिक किया जा रहा है। साथ ही शासन के निर्णय के अनुसार समस्त अभिलेखों का वर्गीकरण किया जा रहा है तथा कार्यालयों में पुराने एवं अनुपयोगी सामान (जैसे कम्प्यूटर, टेबल, कुर्सी, अलमारी आदि) को निर्धारित तरीके से निस्तारित करने का कार्य अधिकारी एवं कर्मचारी कर रहे हैं। जिला परिषद मुख्यालय पर आज लगभग 300 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वस्फूर्त होकर अभियान में भाग लिया। साथ ही सभी पंचायत समिति कार्यालयों में रिकॉर्ड का वर्गीकरण किया जा रहा है।अगले 100 दिनों में निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।1) वेबसाइट, 2) ईज ऑफ लिविंग, 3) स्वच्छता, 4) शिकायत निवारण, 5) कार्यस्थल पर सुविधाएं, 6) निवेश प्रोत्साहन, 7) फील्ड विजिट। अभियान को सफलतापूर्वक चलाने के लिए शनिवार और रविवार, 1 व 2 मार्च 2025 को अभिलेखों के वर्गीकरण हेतु 2 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इस 100 दिवसीय 7 सूत्री कार्ययोजना को 15 अप्रैल 2025 तक सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने हेतु जिला परिषद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए वेबसाइट जनता के साथ इंटरैक्टिव होनी चाहिए ताकि नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान ऑनलाइन प्राप्त कर सकें, नागरिकों को सुविधा और अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए जिला परिषद की वेबसाइट तैयार की जा रही है। प्रत्येक विभाग अपने कार्यालयों के बाहर मुखौटा क्षेत्र में नागरिकों की सनद लगा रहा है। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एसपी) अविनाश फडतरे ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली का माध्यम जो कागज रहित प्रशासन पर जोर देता है, का उपयोग किया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एमटीडीसी का महिला पर्यटकों को 50 प्रतिशत की छूट :शंभूराज देसाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल (MTDC) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर महिला पर्यटकों के लिए 1 से 8 मार्च 2025 तक अपने पर्यटक निवासों में 50% छूट देने की घोषणा की है।इस योजना के तहत विभिन्न पर्यटन गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। यह पहल ₹आई₹ महिला केंद्रित / लैंगिक समावेशी पर्यटन नीति का हिस्सा है, जिसकी जानकारी पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने दी।पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा, ₹एमटीडीसी ने महिलाओं के लिए 'आई' महिला केंद्रित पर्यटन नीति लागू की है ताकि उनके लिए यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और यादगार बनाया जा सके। 2024 में महिला दिवस विशेष छूट योजना को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी और 1500 से अधिक महिला पर्यटकों ने इसका लाभ उठाया।इसी सकारात्मक प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, यह योजना 2025 में भी जारी रहेगी।₹ महिला पर्यटक www.mtdc.coपर जाकर इस छूट का लाभ उठा सकती हैं।

पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी

राज्यमंत्री इंद्रनील नाइक ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर और खारघर (नवी मुंबई) में एमटीडीसी के महिला संचालित पर्यटक निवास पूरी तरह से महिलाओं द्वारा प्रबंधित किए जाते हैं।यहां रिसॉर्ट प्रबंधन, सुरक्षा, टैक्सी सेवा, सफाई और होटल सेवाओं की सभी जिम्मेदारियां महिलाओं के पास हैं।इससे पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।

महिला पर्यटकों के लिए 30 दिन की विशेष छूट

महिलाओं को केवल 1 से 8 मार्च 2025 के बीच ही नहीं, बल्कि वर्ष के अन्य 22 दिनों में भी 50% की छूट मिलेगी।इस प्रकार, महिला पर्यटकों के लिए कुल 30 दिनों की विशेष छूट उपलब्ध होगी। इन 22 दिनों की जानकारी MTDC की वेबसाइट पर घोषित की जाएगी।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- शाहजहांपुर में आलू लेकर बेटी के घर जाते समय हादसा, चालक फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद रोड पर एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 58 वर्षीय बेचेलाल की मौत हो गई। वह थाना कांट क्षेत्र के हसनपुर रसकूपा गांव के रहने वाले थे। बेचेलाल अपनी बेटी के घर जा रहे थे।उनकी बेटी मिजार्पुर थाना क्षेत्र के जैदपुर में रहती है। वह घर से आलू लेकर निकले थे। घर से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर यह हादसा हुआ।स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल बेचेलाल को तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है।चालक की तलाश जारी है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि बेचेलाल अक्सर बेटी के घर जाकर सरसों की कटाई का काम करवाते थे।



# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर रईस जूनियर कॉलेज में छात्रों के लिए आकाश अवलोकन कार्यक्रम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं रुचि को बढ़ावा देने और उन्हें खगोल विज्ञान के व्यावहारिक अवलोकन से अवगत कराने के लिए, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, भिवंडी में जूनियर कॉलेज के साइंस के छात्रों के लिए एक आकाश अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्रों ने रात्रि के समय आकाश का अध्ययन किया। इस अनूठे शैक्षणिक कार्यक्रम को दो भाग में पेश किया गया।प्रथम भाग में, शाम 6 बजे स्कूल की टेरिस पर अंसारी मुहम्मद आसिम इंतेखाब अहमद (प्रवक्ता, समदिया जूनियर कॉलेज) ने आकाश अवलोकन के महत्व पर एक जानकारीपूर्ण पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।इस दौरान छात्रों को सौरमंडल, विभिन्न ग्रहों के स्थान, उनके आकार और उनके घूर्णन के बारे में रोचक और उपयोगी जानकारी प्रदान की। बाद में फरहीन अंसारी मैडम ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला,कार्यक्रम के दूसरे भाग में मुकर्रम खान (प्रवक्ता, रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज) ने 'स्टेलेरियम एप्लीकेशन' की मदद से आकाशगंगा,विभिन्नग्रहों,चंद्रमा आदि के विभिन्न आकार और अन्य खगोलीय पिंडों के बारे में विस्तृत मालूमात दी। इसके बाद प्रशिक्षित वालंटियर्स छात्रों ने उपस्थित छात्रों को विभिन्न समूहों में विभाजित किया और उन्हें अपने मोबाइल हैंडसेट पर स्टेलेरियम ऐप द्वारा खगोलीय पिंडों का अवलोकन कराया। इस अवसर पर केएमई सोसायटी के सचिव दानियाल काजी, इस्माइल बोबडे, निसार मुबीन मास्टर, प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी,उप प्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी, सुपरवाइजर असरार पठान, वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी,विज्ञान विभाग एवं तकनीकी स्टाफ के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण मौजूद थे। प्रिंसिपल जिया-उर-रहमान अंसारी तथा सभी अतिथियों ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की इस वैज्ञानिक गतिविधि की सराहना की।कार्यक्रम का समापन निगार अंसारी के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# होली पर्व पर पश्चिम मध्य रेलवे से चलेगी स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर ।रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे से 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस होली स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। इन स्पेशल ट्रेनों की संक्षिप्त जानकारी निम्न है।

1) गाड़ी संख्या 02186/02185 रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप :- गाड़ी 02186 रीवा से रानी कमलपति स्पेशल ट्रेन 08 एवं 12 मार्च 2025 को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:10 बजे रानी कमलपति स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02185 रानी कमलपति से रीवा स्पेशल ट्रेन 08 एवं 12 मार्च 2025 को रानी कमलपति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

2) गाड़ी संख्या 01704/01703 रीवा-रानी कमलपति-रीवा स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप :- गाड़ी 01704 रीवा से रानी कमलपति स्पेशल ट्रेन 16 मार्च 2025 को रीवा से सायं 18:45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन भोर में 04:30 बजे रानी कमलपति स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01703 रानी कमलपति से रीवा स्पेशल ट्रेन 17 मार्च 2025 को रानी कमलपति स्टेशन से सुबह 06:15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सायं 17:10 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

3) गाड़ी संख्या 01705/01706 जबलपुर-दानापुर-जबलपुर स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप :- गाड़ी 01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 11 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 12 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भोर 03:40 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

4) गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप :- गाड़ी 09817 कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन 08 एवं 15 मार्च 2025 को कोटा से रात 21:05 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सायं 18:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।इसी प्रकार गाड़ी 09818 दानापुर से कोटा स्पेशल ट्रेन 09 एवं 16 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से रात 21:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रि 22:25 बजे कोटा स्टेशन पहुँचेगी।

5) गाड़ी संख्या 01663/01662 रानी कमलपति-दानापुर-रानी कमलपति स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप :- गाड़ी 01663 रानी कमलपति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 12 एवं 15 मार्च 2025 को रानी कमलपति से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।इसी प्रकार गाड़ी 01662 दानापुर से रानी कमलपति स्पेशल ट्रेन 13 एवं 16 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 09:50 बजे रानी कमलपति स्टेशन पहुँचेगी।

यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

# कुलगांव-बदलापुर नगरपालिका ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश किया मुनाफे वाला बजट

## नए वित्तीय वर्ष में किसी प्रकार की कर वृद्धि नहीं,घन कचरा प्रकल्प के साथ-साथ शहरी विकास के लिए करोड़ों का प्रावधान।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बदलापुर. कुलगांव-बदलापुर नगर पालिका के मुख्य लेखपाल विकास चव्हाण ने नपा के प्रशासक और मुख्याधिकारी मारुति गायकवाड़ को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुनाफे वाला बजट पेश किया।बजट में नपा द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 619 करोड़ 57 लाख रुपए की आय और 619 करोड़ 52 लाख का व्यय पेश करते हुए,शुद्ध 5 लाख 4 हजार रुपए मुनाफे वाला बजट पेश किया। इस बजट में किसी प्रकार के टैक्स में वृद्धि नहीं की गई है और न ही बजट में किसी नए प्रोजेक्ट की योजना बनाई गई है। 2020 के बाद बिना जनप्रतिनिधियों के पेश होने वाला यह पांचवां बजट है। कुलगांव-बदलापुर नगर पालिका के मुख्य लेखपाल विकास चव्हाण ने 2024-25 और 2025-26 के लिए संशोधित बजट पेश किया।यह बजट अंतिम मंजूरी के लिए कलेक्टर को सौंपा जाएगा।बजट में कुल आय 619 करोड़ 57 लाख रुपए और व्यय 619 करोड़ 52 लाख रुपए और शेष मुनाफा 5.04 लाख रुपए है। इस बजट में भी जन प्रतिनिधियों की सीधी भागीदारी न होने से जनता के लिए लोक लुभावन घोषणाओं की कमी स्पष्ट दिखाई दे रही है। विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्थान उपलब्ध कराने हेतु भूमि अधिग्रहण आरक्षण में भूमि अधिग्रहण के लिए 9 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। विकास योजना में आरक्षण के लिए 1 करोड़ रुपए, स्मारक एवं अन्य सहायक कार्यों के विकास के लिए 2 करोड़ 25 लाख रुपए। वृक्षों की खरीद,रोपण और संरक्षण के लिए 11 करोड़ रुपए आवंटित किए गए है। नए सीवर और नालों के निर्माण के लिए 2.50 करोड़ रुपए और बड़े नाले को बंद करने के लिए 10 करोड़ रुपए,सड़क निर्माण एवं सुधार के लिए 2.5 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं।

### यातायात दुरुस्तीकरण के लिए नए सिग्नलों का प्रावधान।

कुलगांव-बदलापुर नगर पालिका के मुख्य मार्गों पर यातायात नियंत्रण के लिए सिग्नल सिस्टम लगाया जाएगा। इसके लिए बजट में एक करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। नई स्ट्रीट लाइट के लिए 2 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना अर्थात घन कचरा प्रोजेक्ट के लिए 34 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं आपदा प्रबंधन के लिए भी बजट में 25 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है

### बजट के अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान।

महिला एवं बाल कल्याण विभाग हेतु 1.39 करोड़ रुपए।

दिव्यांग जनों के पुनर्वासन हेतु 1.39 करोड़ रुपए।

वरिष्ठ नागरिकों को सेवा-सुविधाएं प्रदान करने के लिए 10 लाख रुपए।

शहर के सौंदर्यीकरण हेतु बगीचों तथा पार्क के विकास के लिए 75 लाख रुपए।

स्ट्रीट लाइटों के रख-रखाव व मरम्मत के लिए 4.25 करोड़ रुपए।

मानसून के दौरान नालों और नालियों की साफ-सफाई के लिए 50 लाख रुपए।

## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में तालिबान धार्मिक स्कूल में शक्तिशाली आत्मघाती विस्फोट

## 5 की मौत, दर्जनों घायल



एजेंसी

एपी समाचार एजेंसी के अनुसार, पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अकोरा खट्टक जिले में स्थित मदरसा दारुल उलूम हक्कानिया में हुए विस्फोट में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल, रेस्क्यू 1122 घटनास्थल पर पहुंच गया है और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल राशिद ने कहा कि अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। इस बीच, रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता बिलाल फैजी ने डॉन से पुष्टि की कि 20 लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। यह विस्फोट मदरसे के मुख्य हॉल में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुआ, जिसके बाद अधिकारियों ने नौशेरा में आपातकाल की घोषणा कर दी, जिसकी पुष्टि डॉन के केपी ब्यूरो प्रमुख अली अकबर ने की। जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल राशिद ने बताया कि यह विस्फोट खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक जिले अकोरा खट्टक में हुआ। उन्होंने कहा कि अधिकारी जांच कर रहे हैं और मृतकों और घायलों को अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक किसी भी समूह ने जामिया हक्कानिया के अंदर हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। यह मदरसा अफगान तालिबान के साथ संबंधों के लिए जाना जाता है। यह बम विस्फोट मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान से पहले हुआ है, जो चांद दिखने पर शनिवार या रविवार को शुरू होने की उम्मीद है। इसकी उग्र विचारधारा और इससे पैदा हुए तालिबान लड़ाकों की संख्या के कारण इसे जिहाद का विश्वविद्यालय उपनाम दिया गया था। इस विशाल परिसर में लगभग 4,000 छात्र रहते हैं, जिन्हें मुफ़्त में भोजन, कपड़े और शिक्षा दी जाती है। दशकों से, पाकिस्तानी मदरसे उग्रवाद के लिए इनक्यूबेटर के रूप में काम कर रहे हैं, जहाँ हजारों शरणार्थियों को शिक्षा दी जाती है, जिनके पास कट्टरपंथी मौलवियों के भाषणों के अलावा शिक्षा के लिए कोई और विकल्प नहीं है। तालिबान के दिवंगत संस्थापक मुल्ला उमर, जिन्होंने अफगानिस्तान में संयुक्त राज्य अमेरिका और नाटो सैनिकों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था, इस स्कूल से स्नातक करने वाले वरिष्ठ नेताओं में से एक थे। इसी तरह, खतरनाक हक्कानी नेटवर्क के संस्थापक जलालुद्दीन हक्कानी ने भी स्नातक किया, जो दो दशक के युद्ध के दौरान अफगानिस्तान में कुछ सबसे भयानक हमलों के लिए ज़िम्मेदार था। यह स्कूल कई वर्षों से क्षेत्रीय उग्रवादी हिंसा के चौराहे पर रहा है, जहाँ कई पाकिस्तानियों और अफगान शरणार्थियों को शिक्षा दी जाती है - जिनमें से कुछ रूसियों और अमेरिकियों के खिलाफ युद्ध छेड़ने या जिहाद का प्रचार करने के लिए घर लौट आए। अगस्त 2021 में विदेशी सेना के हटने और पूर्व सरकार के गिरने के बाद तालिबान फिर से काबुल में सत्ता में आ गया। तब से अफगानिस्तान के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में उग्रवाद फिर से बढ़ गया है।

इस्लामाबाद स्थित विश्लेषण समूह सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज के अनुसार, पिछले साल पाकिस्तान के लिए एक दशक में सबसे घातक रहा, जिसमें हमलों में वृद्धि हुई, जिसमें 1,600 से अधिक लोग मारे गए। इस्लामाबाद ने काबुल के शासकों पर अफगान धरती पर पनाह लेने वाले आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ने में विफल रहने का आरोप लगाया, जबकि वे पाकिस्तान पर हमले करने की तैयारी कर रहे हैं, तालिबान सरकार इस आरोप से इनकार करती है।

> विस्फोट मदरसे के मुख्य हॉल में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुआ, जिसके बाद अधिकारियों ने नौशेरा में आपातकाल की घोषणा कर दी, जिसकी पुष्टि डॉन के केपी ब्यूरो प्रमुख अली अकबर ने की।

# तुर्किये में थम सकती है 40 साल पुरानी जंग

## कुर्दों के सबसे बड़े संगठन ने हथियार डाले; अलग कुर्दिस्तान की मांग लेकर जंग छेड़ी थी



एजेंसी

अंकारा, तुर्किये में कुर्दों के अलगाववादी आतंकी संगठन कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) ने 40 साल बाद अपने हथियार डाल दिए हैं। जेल में बंद पार्टी नेता अब्दुल्लाह ओकलान ने संगठन के सदस्यों से कहा है कि वे तुर्किये के खिलाफ अपनी जंग को खत्म कर दें और संगठन को भंग कर दें। 1978 में बने इस संगठन की मांग थी कि उन्हें तुर्किये से अलग करके कुर्दिस्तान बनाया जाए, या फिर तुर्किये के अंदर कुर्दों को पहले से ज्यादा अधिकार दिए जाएं। इस मांग के साथ संगठन ने 1984 में तुर्किये सरकार के खिलाफ जंग छेड़ी थी। इस जंग में अब तक 40 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इसके चलते तुर्किये, अमेरिका और यूरोपीय संघ इस संगठन को आतंकी घोषित कर चुके हैं। संगठन के नेता अब्दुल्लाह ओकलान को 1999 में तुर्की की स्पेशल फोर्स ने केन्या में पकड़ा था। तब से उसे इस्तांबुल की एक जेल में कैद रखा गया है, जहां वह उम्रकैद की सजा काट रहा है। अब्दुल्लाह ओकलान ने संगठन से दो जरूरी काम करने को कहा जिससे तुर्किये के साथ बीते कई साल से चला आ रहा संघर्ष तुरंत खत्म हो सकता है। ये हैं- अपने हथियार डालना और संगठन को भंग करना। ओकलान की तरफ से उसका स्टेटमेंट प्रो-कुर्दिश पार्टी डीईएम के नेताओं ने पढ़कर सुनाया। कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी कुर्द अलगाववादी समूह है। इसकी स्थापना 1978 में हुई थी। इसका मकसद आजाद कुर्दिस्तान की स्थापना करना है। यह समूह ईरान, इराक, सीरिया और तुर्की के कुर्द बहुल क्षेत्रों पर कब्जा कर कुर्द अधिकारों को आगे बढ़ाना है। पीकेके का हेडक्वार्टर लंबे समय से इराक में है। 2013 से 2015 तक पीकेके और तुर्किये सरकार के बीच युद्धविराम बना रहा। इसके बाद तुर्किये के सुरक्षा बलों ने दक्षिणपूर्वी तुर्की में पीकेके के आंतकी ऑपरेशन को लगभग रोक दिया, इसके बाद इस संगठन ने मुख्य रूप से इराक और सीरिया में ऑपरेशन को अंजाम देना शुरू किया। कुर्द समुदाय के लोग तुर्किये के पहाड़ी इलाकों और सीमाई क्षेत्रों के साथ इराक, सीरिया, ईरान और आर्मेनिया में रहते हैं। तुर्किये में इनकी आबादी 1.5 करोड़ के आसपास है। ये तुर्किये में मौजूद माइनॉरिटी समुदायों में सबसे बड़ा है।

# ट्रम्प ने ब्रिटिश पीएम से पूछा- रूस से अकेले निपट पाओगे

## स्टार्मर हंसकर टाल गए; यूक्रेन में शांति कायम करने पर बात हो रही थी



एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर को चैलेंज करते हुए पूछ लिया कि क्या वे अकेले रूस का मुकाबला कर पाएंगे? पत्रकारों के सामने ट्रम्प का यह सवाल सुनकर स्टार्मर चौंक गए। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर अमेरिकी दौरे पर हैं। उन्होंने गुरुवार को ट्रम्प से मुलाकात की। इसके बाद दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान ट्रम्प से सवाल पूछा गया था कि यदि यूक्रेन में ब्रिटिश सेना तैनात होती है तो क्या अमेरिका उनकी मदद करेगा? ट्रम्प ने पहले नहीं कहा। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश अपना ख्याल बहुत अच्छे से रख सकते हैं। कुछ ही देर बाद उन्होंने कहा कि यदि ब्रिटेन को मदद की जरूरत होगी तो अमेरिका उनका साथ देगा। फिर ट्रम्प, स्टार्मर की तरफ मुड़े और उनसे पूछ लिया- क्या आप अकेले रूस का मुकाबला कर पाएंगे? इस पर स्टार्मर कोई जवाब नहीं दे सके और मुस्कुराकर रह गए। ट्रम्प बोले- यूक्रेन में शांति की बात बहुत आगे बढ़ी बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन जंग रोकने के लिए शुरू हुई बातचीत अब बहुत आगे बढ़ चुकी है। वहीं, स्टार्मर ने कहा कि यह ध्यान रखना जरूरी है कि जंग पूरी तरह स्थायी हो और किसी एक पक्ष को इसका फायदा न हो। स्टार्मर ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, शांति वैसी नहीं हो सकती जो हमलावर को फायदा पहुंचाती हो या फिर ईरान जैसी शासन व्यवस्था को बढ़ावा देती हो। इतिहास को शांति निमार्ता के पक्ष में होना चाहिए, आक्रमणकारी के पक्ष में नहीं। यूक्रेन को पहले से ज्यादा सैन्य मदद देने का ऐलान किया रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने को लेकर स्टार्मर ने कहा कि उनकी ट्रम्प के साथ एक प्लान को लेकर बातचीत हुई है। इससे यूक्रेन को मदद मिलेगी। रूस को यूक्रेन में कार्रवाई के लिए वापस आने से रोकने के लिए यूक्रेन योजना बनाएगा। ब्रिटेन और अमेरिका पूरी ताकत के साथ मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है, क्योंकि यही एकमात्र तरीका है जिससे शांति बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि यूरोप को आगे आना चाहिए। ब्रिटेन पूरी तरह से इसमें शामिल है। स्टार्मर ने कहा कि इस साल, हम यूक्रेन को पहले से कहीं अधिक सैन्य सहायता देंगे। हम पहले से ही नाटो में सबसे अधिक खर्च करने वालों में से एक हैं। कनाडा के सवाल पर रिपोर्टर को चुप कराया कुछ देर बाद एक रिपोर्टर ने कीर स्टार्मर से कनाडा पर भी सवाल किया। इस पर ट्रम्प नाराज हो गए और बातचीत को बीच में ही रोक दिया। रिपोर्टर ने पूछा था कि क्या उन्होंने कनाडा पर कब्जे वाले बयान के बारे में राष्ट्रपति ट्रम्प से चर्चा की। इस पर स्टार्मर ने कहा कि हम सबसे करीबी देश हैं और आज हमारी बहुत अच्छी चर्चा हुई।

# बेटी कोमा में, सरकार के दखल से मिला यूएस वीजा

## सातारा की नीलम शिंदे का कैलिफोर्निया में एक्सीडेंट, सिर में गंभीर चोट



एजेंसी

नई दिल्ली, अमेरिका ने भारतीय छात्रा नीलम शिंदे के परिवार को इमरजेंसी वीजा दे दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के दखल के बाद यह संभव हुआ। उनके पिता ने विदेश मंत्रालय से इमरजेंसी वीजा की अपील की थी। नीलम शिंदे (35) को 14 फरवरी को कैलिफोर्निया में कार ने टक्कर मार दी थी। इसके बाद वह कोमा में चली गई। आरोपी वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नीलम महाराष्ट्र के सातारा जिले की रहने वाली हैं। 4 साल से अमेरिका में रह रही हैं। परिवार के मुताबिक नीलम आईसीयू में भर्ती हैं। उनके हाथ-पैर में फ्रैक्चर हैं। सिर में गंभीर चोट है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने ब्रेन की सर्जरी के लिए परिवार से अनुमति मांगी है। नीलम की देखभाल के लिए परिवार का वहां रहना जरूरी है। नीलम पिता ने अमेरिकी दूतावास से इमरजेंसी वीजा की मांग की थी। दूतावास ने आज सुबह 9 बजे इंटरव्यू के लिए बुलाया था। पिता तानाजी शिंदे ने बताया कि उन्हें इस दुर्घटना की जानकारी 16 फरवरी को मिली थी। शिंदे परिवार वीजा आवेदन के लिए स्लॉट बुक कर रहा था, लेकिन उन्हें अगले साल की तारीख मिल रही थी।

# तेजस्वी यादव बोले- निशांत हमारे बड़े भाई हैं, उनके राजनीति में आने से ही जदयू बच सकती है



एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को अपना 'भाई' बताते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को कहा कि अगर निशांत राजनीति में आते हैं तो संभावना है कि जदयू जीवित रहेगा। उन्होंने कहा कि वह हमारे भाई है। मैं चाहता हूं कि वह जल्द से जल्द राजनीति में शामिल हों; अन्यथा, भाजपा शरद यादव द्वारा बनाई गई पार्टी जद (यू) को खत्म कर देगी। उन्हें जल्द ही राजनीति में आना चाहिए। अगर वह राजनीति में आते हैं तो जदयू के बचे रहने की संभावना रहेगी। यह इस पर निर्भर करेगा कि निशांत पार्टी के लिए कैसे काम करते हैं तेजस्वी ने आगे कहा कि हम राजनीति में इसलिए नहीं आए क्योंकि हमारे माता-पिता ने हमें ऐसा करने के लिए कहा था, बल्कि इसलिए कि बिहार के लोगों और हमारी पार्टी के कार्यकताओं को इसकी जरूरत थी। राजद नेता ने बिहार के मुख्यमंत्री को परिस्थितियों का मुख्यमंत्री बताया और कहा कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार 'परिस्थिति के मुख्यमंत्री हैं। बिहार के लोग नहीं चाहते थे कि वह सीएम बनें और उन्हें खारिज कर दिया। राजद सबसे बड़ी पार्टी थी। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार में कोई लड़ाई नहीं है और राज्य के लोग बदलाव और 'विकसित बिहार' चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यहां कोई लड़ाई नहीं है, लोग बदलाव चाहते हैं, विकसित बिहार चाहते हैं।' बिहार का बेटा ही बिहार को आगे ले जाएगा, कोई गुजराती या कोई बाहरी नहीं। इन 11 सालों में पीएम मोदी ने बिहार और गुजरात को क्या दिया, उन्हें ये बताना होगा। नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में कोर्ट के समन पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद नेता ने कहा, ‌‌इसे कोर्ट में रहने दीजिए।

> तेजस्वी ने आगे कहा कि हम राजनीति में इसलिए नहीं आए क्योंकि हमारे माता-पिता ने हमें ऐसा करने के लिए कहा था, बल्कि इसलिए कि बिहार के लोगों और हमारी पार्टी के कार्यकताओं को इसकी जरूरत थी।

# 'शारीरिक रूप से टायर्ड, मानसिक रूप से रिटायर्ड'

एजेंसी

बिहार। राजनीतिक रणनीतिकार से कार्यकर्ता बने प्रशांत किशोर ने गुरुवार को भविष्यवाणी की कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) आगामी चुनावों में एक भी सीट हासिल करने में विफल रहेगी

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल-81-5-35-डब्ल्यूए-77 दि. 25.02.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : चर्नी रोड – पश्चिम रेलवे, मुंबई मंडल में चर्नी रोड स्टेशन पर आउटडोर सिग्नलिंग कार्य के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की डिजाइन, आपूर्ति, अधिष्ठापन, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और क्रियान्वयन के संबंध में विद्युत (ऊर्जा) कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 34,03,474/-. **बोली सुरक्षा ईएमडी का मूल्य** : रु. 68,100/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 24.03.2025 को 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 24.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें.

1131

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

वरि. डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल द्वारा निम्नलिखित निविदा आमंत्रित की जाती है. **अ.क्र. : 1. ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/24-25/294 दि. 26.02.2025. कार्य एवं स्थान** : चर्चगेट – विरार अनुभाग : बाहरी लोगों द्वारा कचरा डालने से रेलवे जमीन की सुरक्षा हेतु बाड़ का विस्तार. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 48,13,183.23. **ईएमडी** : रु. 96,300/-. **अ.क्र. : 2. ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/24-25/295 दि. 26.02.2025. कार्य एवं स्थान : चर्चगेट – विरार अनुभाग** : विभिन्न मंजूर ट्रैक कार्यों के संबंध में एडीईएन (टी/एस) पीएल अनुभाग अंतर्गत सिंगल शॉट क्रूसिबल फिटेड के साथ ऑटोमैटिक टेपिंग थिम्बल तथा प्री-फैब्रिकेटेड मोल्ड्स के साथ आर-260 ग्रेड रेल्स के वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति तथा आर-260 ग्रेड रेल्स इन-सीटू की वेल्डिंग. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 57,25,388.64. **ईएमडी** : रु. 1,14,500/-. उपरोक्त दोनों **निविदाओं हेतु जमा करने की तिथि एवं समय** – 21.03.2025 को 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 21.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें.

1132

Like us on : facebook.com/WesternRly

**महाराष्ट्र सरकार**
**लोक निर्माण विभाग**
**ई-निविदा सूचना संख्या 90 वर्ष 2024-2025**

कार्यपालक अभियंता, प्रेसिडेंसी डिवीजन, लोक निर्माण विभाग, दूसरी मंजिल बांधकाम भवन, 25 मुर्जबान रोड, फोर्ट, मुंबई-400 001 (दूरभाष संख्या- 22016975/22016977) द्वारा लोक निर्माण विभाग के उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए बी-1 प्रपत्र में ऑनलाइन ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। सभी या किसी एक निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है.

| अ.क्र. | कार्य का नाम | रकम रूपए (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | नंदनवन बंगलो, मालबार हिल, मुंबई में आंतरिक और बाहरी प्लास्टर फर्श, डैडो, दरवाजे और खिड़कियां, शौचालय का नवीनीकरण, स्टोरेज यूनिट, दीवार पैनलिंग, सोफा और कुशन प्रदान करना | 47.52 |
| 2 | सतपुडा बंगलो, मालबार हिल, मुंबई में आंतरिक और बाहरी प्लास्टर फर्श, डैडो, दरवाजे और खिड़कियां, शौचालय का नवीनीकरण, स्टोरेज यूनिट, दीवार पैनलिंग, सोफा और कुशन प्रदान करना | 64.78 |
| 3 | रॉयलस्टोन बंगला, मलबार हिल, मुंबई में आंतरिक और बाहरी प्लास्टर फर्श, डैडो, दरवाजे और खिड़कियां, शौचालय का नवीनीकरण, स्टोरेज यूनिट, दीवार पैनलिंग, सोफा और कुशन प्रदान करना | 49.53 |
| 4 | पर्णकुटी बंगला, मलबार हिल, मुंबई में आंतरिक और बाहरी प्लास्टर फर्श, डैडो, दरवाजे और खिड़कियां, शौचालय का नवीनीकरण, स्टोरेज यूनिट, दीवार पैनलिंग, सोफा और कुशन प्रदान करना | 63.81 |
| 5 | जेतवन बंगला, मलबार हिल, मुंबई में आंतरिक और बाहरी प्लास्टर फर्श, डैडो, दरवाजे और खिड़कियां, शौचालय का नवीनीकरण, स्टोरेज यूनिट, दीवार पैनलिंग, सोफा और कुशन प्रदान करना | 51.09 |
| 6 | शिवनेरी बंगला, मलबार हिल, मुंबई में आंतरिक और बाहरी प्लास्टर फर्श, डैडो, दरवाजे और खिड़कियां, शौचालय का नवीनीकरण, स्टोरेज यूनिट, दीवार पैनलिंग, सोफा और कुशन प्रदान करना | 63.42 |
| 7 | अग्रदूत बंगला, मलबार हिल, मुंबई में आंतरिक और बाहरी प्लास्टर फर्श, डैडो, दरवाजे और खिड़कियां, शौचालय का नवीनीकरण, स्टोरेज यूनिट, दीवार पैनलिंग, सोफा और कुशन प्रदान करना | 40.43 |
| 8 | चित्रकूट बंगला, मालबार हिल, मुंबई में आंतरिक और बाहरी प्लास्टर फर्श, डैडो, दरवाजे और खिड़कियां, शौचालय का नवीनीकरण, स्टोरेज यूनिट, दीवार पैनलिंग, सोफा और कुशन प्रदान करना | 49.94 |
| 9 | ज्ञानेश्वरी बंगला, मलबार हिल, मुंबई में आंतरिक और बाहरी प्लास्टर फर्श, डैडो, दरवाजे और खिड़कियां, शौचालय का नवीनीकरण, स्टोरेज यूनिट, दीवार पैनलिंग, सोफा और कुशन प्रदान करना | 61.80 |
| 10 | मुक्तागिरी बंगला, मलबार हिल, मुंबई में आंतरिक और बाहरी प्लास्टर फर्श, डैडो, दरवाजे और खिड़कियां, शौचालय का नवीनीकरण, स्टोरेज यूनिट, दीवार पैनलिंग, सोफा और कुशन प्रदान करना | 62.63 |
| 11 | मुंबई स्थित नई काउंसिल हॉल बिल्डिंग के प्रथम मंजिल पर कक्ष क्रमांक 136-B एवं 136-C का नवीनीकरण ---- | 71.55 |
| 12 | नियोजन भवन, पुराना कस्टम हाउस परिसर, मुंबई के भूतल पर शेड हेतु संरचनात्मक स्टील कार्य, यूपीवीसी शीट छत प्रदान कर मरम्मत एवं नवीनीकरण तथा समोरस्तीकरण कार्य | 43.09 |
| 13 | शहीद भगत सिंह रोड, मुंबई स्थित डी डी बिल्डिंग एवं पुराना कस्टम हाउस बिल्डिंग के शौचालय खंडों की मरम्मत एवं नवीनीकरण, जिसमें पॉलिमर मार्टर, प्लास्टर, फर्श एवं डैडो, दरवाजे एवं खिड़कियां, जल आपूर्ति एवं सैनेटरी फिटिंग्स कार्य शामिल | 15.16 |
| 14 | शहीद भगत सिंह रोड, मुंबई स्थित पुराना कस्टम हाउस की प्रथम मंजिल से तृतीय मंजिल तक के गलियारे में वेल्डेड जाली, लकड़ी का फ्रेम, प्लास्टर, पुनः रंगरोगन एवं मेलामाइन पॉलिश कार्य की मरम्मत एवं नवीनीकरण | 10.69 |
| 15 | शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई स्थित पुराना कस्टम हाउस परिसर में डी डी बिल्डिंग के सीढ़ी ब्लॉक में कमर स्लैब, कॉलम एवं बीम की मरम्मत एवं संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण, पॉलिमर मार्टर के साथ प्लास्टर की मरम्मत, ट्रेड्स एवं रिसर्स, दरवाजे एवं खिड़कियां तथा पुनः रंगरोगन कार्य | 24.99 |
| 16 | शहीद भगत सिंह रोड, मुंबई स्थित पुराना कस्टम हाउस के भूतल पर उपनगरीय राज्य आबकारी विभाग के पश्चिमी (सड़क की ओर) कार्यालय में प्लास्टर, फर्श एवं डैडो, दरवाजे एवं खिड़कियां, शौचालय खंड, कर्मचारियों के लिए बैठने की व्यवस्था की मरम्मत एवं नवीनीकरण तथा पुनः रंगरोगन कार्य | 42.26 |
| 17 | शहीद भगत सिंह रोड, मुंबई स्थित पुराना कस्टम हाउस के भूतल पर दक्षिणी कार्यालय में प्लास्टर, फर्श एवं डैडो, दरवाजे एवं खिड़कियां, शौचालय खंड, कर्मचारियों के लिए बैठने की व्यवस्था, एमटी छत की मरम्मत एवं नवीनीकरण तथा पुनः रंगरोगन कार्य | 49.69 |
| 18 | मुंबई स्थित पुराना कस्टम हाउस परिसर में डी डी बिल्डिंग के प्रथम मंजिल पर मुंबई शहर के लिए उपायुक्त, भूमि अधिग्रहण शाखा के नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य | 24.97 |
| 19 | एशियाटिक लाइब्रेरी बिल्डिंग, मुंबई के भूतल पर महाराष्ट्र राज्य महिला परिषद कार्यालय की मरम्मत एवं नवीनीकरण, जिसमें प्लास्टर एवं पेंटिंग, फर्श, शौचालय खंड, दरवाजे एवं खिड़कियों की मरम्मत कार्य शामिल | 24.99 |
| 20 | शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई स्थित पुराना कस्टम हाउस परिसर में डी डी बिल्डिंग में फर्श, पॉलिमर मार्टर के साथ प्लास्टर, दरवाजे, खिड़कियां, शौचालय खंड, पैंट्री की मरम्मत एवं नवीनीकरण तथा चौथी मंजिल पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, नागरिक अधिकार संरक्षण, महाराष्ट्र के कार्यालय की मरम्मत कार्य | 19.95 |
| 21 | मुंबई स्थित नई काउंसिल हॉल बिल्डिंग के प्रथम मंजिल पर कक्ष क्रमांक 139-A के केबिन, एंटी चेंबर एवं पी.ए. केबिन का नवीनीकरण | 53.65 |
| 22 | मुंबई स्थित उच्च न्यायालय की मुख्य इमारत की तृतीय मंजिल पर कक्ष क्रमांक 70 एवं 71 में लकड़ी के फर्श एवं छत की मरम्मत एवं पॉलिशिंग कार्य | 23.92 |
| 23 | बदरुद्दीन तैयबजी मार्ग, मुंबई स्थित अधिकारियों के क्वार्टर की छत पर तरंगित शीट की छतरी प्रदान करना एवं स्थापित करना | 26.62 |
| 24 | एमआरए कैंपस, मुंबई स्थित 4 यूरोपियन क्वार्टर में सीढ़ियों के स्टेप, रेलिंग, प्लास्टर, रंगरोगन एवं सीढ़ी भाग के फर्श की मरम्मत कार्य | 10.33 |
| 25 | एल. टी. मार्ग, मुंबई स्थित एनेक्स-II में फ्रंट साइड पर कंपाउंड वॉल का निर्माण एवं बैक साइड पर पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य | 27.59 |
| 26 | गीता नगर, कफ परेड, मुंबई स्थित कोस्टल पुलिस चौकी में कंपाउंड वॉल निर्माण एवं अन्य सिविल कार्य | 46.68 |
| 27 | सायन कॉलेज, चर्चगेट, मुंबई स्थित सिम्स्री संस्थान की तृतीय मंजिल पर सर्वर रूम एवं जिम्नेजियम का नवीनीकरण | 16.61 |
| 28 | कोलाबा, मुंबई स्थित कोलाबा पुलिस लाइन के C विंग क्वार्टर में बरामदे का उन्नयन कार्य | 24.71 |
| 29 | एल. टी. मार्ग, मुंबई स्थित अधिकारियों के क्वार्टर के फ्रंट साइड एवं बैक साइड पर कंपाउंड वॉल निर्माण कार्य | 27.45 |
| 30 | ई.टी.एच. कैंपस, मुंबई स्थित बी.एड. कॉलेज के शौचालय खंड की मरम्मत कार्य | 10.04 |

जारी करने की तिथि : 3.3.2025 से 10.3.2025
खुलने की तिथि : 11.3.2025
इस निविदा से संबंधित सभी संशोधन/परिवर्तन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जाएंगे, बल्कि ई-निविदा प्रक्रिया में प्रकाशित किए जाएंगे.
संपूर्ण विवरण निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:
1. www.mahapwd.com 2. www.mahatenders.gov.in
नं. पीडी/टीसी/2340
कार्यकारी अभियंता, प्रेसिडेंसी मंडल, सार्वजनिक निर्माण विभाग, द्वितीय तल, बांधकाम भवन, 25, मुर्जबान रोड,
प्रेसिडेंसी मंडल, मुंबई, फोर्ट, मुंबई - 400 001
ईमेल: presidency.ee@mahapwd.gov.in
दिनांक : 27/2/2025

हस्ता./-
(वी. ए. पाटसकर)
कार्यकारी अभियंता,
प्रेसिडेंसी मंडल, मुंबई

**डीजीआयपीआर/2024-2025/6782**

## संक्षेप

### धोखाधड़ी के आरोप में अम्बेडकरनगर के दोषी को कड़ी सजा

**चोरी की बाइक की नंबर प्लेट बदलने वाले को 7 साल की जेल और 1800 रुपए जुमार्ना**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में प्रभावी पैरवी कर बड़ी सफलता हासिल की है। 'ऑपरेशन कनविक्शन' अभियान के तहत अंबेडकरनगर के मालीपुर थाना क्षेत्र के वैरागल निवासी सुनील सिंह को कड़ी सजा सुनाई गई है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में चल रही कार्रवाई में यह सफलता मिली है। मामला 3 सितंबर 2017 का है। आरोपी सुनील सिंह ने चोरी की मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट बदलकर धोखाधड़ी की थी। इस मामले में कादीपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचक उप-निरीक्षक उमेश कुमार ने जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य जुटाए। 9 फरवरी 2018 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने आज आरोपी को दोषी पाया। न्यायालय ने सुनील सिंह को 7 साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 1800 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

### 20 साल की युवती ने की आत्महत्या

**घर में अकेले थी, तभी लगा ली फांसी; पिता बोले- सुन नहीं पाती थी**

बांदा, जिले के नरैनी कोतवाली क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। मटियारी गांव की 20 वर्षीय शिव देवी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब युवती के पिता गंगादीन निमंत्रण देने गए थे। उसकी मां और भाई खेत में काम कर रहे थे। घर में अकेली शिव देवी ने बरामदे में धोती से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जब मां और भाई घर लौटे तो दरवाजा बंद मिला। किसी तरह दरवाजा खोलने पर उन्होंने युवती को फांसी पर लटका पाया। उन्होंने तुरंत शव को नीचे उतारा। मृतिका के पिता ने बताया कि शिव देवी एक कान से सुनने में असमर्थ थी। इस कारण वह अक्सर परेशान रहती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भांजे की शादी में आए मामा की मौत

**बांदा में छत से गिरने से हुए थे घायल, इलाज को दौरान दम तोड़ा**

बांदा, भांजे की शादी में आए मामा की छत से गिरकर मौत हो गई। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी राजेश (30) अपने भांजे राहुल की शादी में निभौर गांव गए थे। बारात रात में बहू को विदा कराकर लौट आई थी। राजेश अपने जीजा रामकिशोर के साथ छत पर लेटे थे। रामकिशोर मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के चंदला गांव के रहने वाले हैं।

आधी रात को लघुशंका के लिए उठने के दौरान राजेश बिना बाउंड्री वाली छत से सिर के बल आंगन में गिर गए। हादसे के बाद परिजनों ने उन्हें तुरंत बबेरू सीएचसी पहुंचाया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर हसनपुर में बैठक

**गेहूं की फसल, बिजली बिल और आवारा सांडों की समस्या पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



हसनपुर, एसडीएम कार्यालय के सामने भारतीय किसान संघ की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने कई गंभीर मुद्दे उठाए। सिंचाई विभाग द्वारा रामपुर भूड़ और उधनपुर सहित कई गांवों में बिना नोटिस दिए नहर की खुदाई की जा रही है। इससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान हो रहा है। किसान संघ का कहना है कि अगर यह काम एक महीने बाद किया जाए तो फसल और भूसे की बबार्दी से बचा जा सकता है। बिजली विभाग के मीटर रीडर मनमाने तरीके से बिल जारी कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से बिल ठीक करने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। आवारा पशुओं, खासकर हिंसक सांडों से किसानों की जान को खतरा बना हुआ है। आपूर्ति विभाग ने कई पात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त कर दिए हैं। किसान संघ ने मांग की है कि इनकी जांच कर पात्र लोगों के कार्ड बहाल किए जाएं। साथ ही मुंसिफ कोर्ट हसनपुर से गांव उधनपुर तक का मार्ग पक्का करने की मांग भी की गई। एसडीएम विभा श्रीवास्तव को इन सभी समस्याओं का विवरण देते हुए ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में धर्मपाल सिंह, यशवीर सिंह, ओमवीर सिंह चौहान समेत कई किसान नेता मौजूद थे।

# कोर्ट की डॉग स्क्वॉड और स्वाट टीम ने की जांच

**सुरक्षा को लेकर चला विशेष अभियान, मॉक ड्रिल भी हुई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमरोहा, न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर यह अभियान संपन्न हुआ। एएसपी चेक टीम, डॉग स्क्वॉड और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से जांच अभियान किया। टीमों ने न्यायालय में आने-जाने वाले सभी लोगों की तलाशी ली। उनसे आने का कारण पूछा गया। साथ ही संदिग्ध वाहनों और वस्तुओं की भी गहन जांच की गई। सुरक्षा टीम ने मेटल डिटेक्टर, स्कैनर मशीन और सीसीटीवी कंट्रोल रूम की जांच की। डीएफएमडी, एचएचएमडी और हैंड सेट की कार्यप्रणाली को भी परखा गया। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में न्यायालय सुरक्षा के प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सरोहा मौजूद रहे। थाना अमरोहा नगर के प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर और स्वाट टीम के प्रभारी निशांत राठी सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित थे।

# डिजिटल शिक्षा की नई पहल



**प्राथमिक स्कूल के बच्चों की प्रोजेक्टर से पढ़ाई, 60 शिक्षक दे रहे शिक्षा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, प्राथमिक शिक्षा को नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) संजय तिवारी के नेतृत्व में जिले के कई प्राथमिक विद्यालयों को डिजिटल विद्यालय में बदला गया है। इन स्कूलों में बच्चों को शाइन बोर्ड और प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई कराई जा रही है। जिले में 60 शिक्षकों का एक समूह बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा दे रहा है। इन सभी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया है। बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि यह पहल ग्राम प्रधानों के सहयोग से संभव हुई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल कक्षाओं में डेस्क, मेज और प्रोजेक्टर की व्यवस्था की गई है। बीएसए ने अन्य शिक्षकों से भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की है। तकनीक से जुड़ रहे बच्चे उनका मानना है कि इससे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी।

यह पहल प्राथमिक शिक्षा को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल शिक्षा से बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ी है और वे नई तकनीक से जुड़ रहे हैं।

# लावारिस और जब्त वाहनों की नीलामी

**12 वाहनों में एक वैगन-आर और 11 बाइकें शामिल, 70 हजार में बिके सभी वाहन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, थाना बल्देव में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लंबे समय से खड़े लावारिस और एमवी एक्ट के तहत जब्त वाहनों की नीलामी की गई। नायब तहसीलदार महावन प्रदुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में यह प्रक्रिया संपन्न हुई। नीलामी में कुल 12 वाहन शामिल किए गए। इनमें 2 लावारिस और 10 एमवी एक्ट के तहत जब्त वाहन थे। वाहनों में एक वैगन-आर कार और 11 दोपहिया वाहन थे। नीलामी की शुरूआती बोली 49 हजार रुपये से हुई। बोली में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे। सभी से जमानत राशि जमा कराई गई। बोलीकताओं ने अपने-अपने स्तर से बोली लगाई। अंत में राया, मथुरा के करीम स्टील ट्रेडर्स ने 70 हजार रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाकर सभी वाहन खरीद लिए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी महावन के मार्गदर्शन में नियमानुसार पूरी की गई।

# दहेज प्रताड़ना मामले में कार्रवाई :अमेठी में पति-सास गिरफ्तार

**पटई पुरवा के पास से पकड़े गए आरोपी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुसाफिरखाना, पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुसाफिरखाना थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की। उप निरीक्षक नसीर अहमद और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पटई के पुरवा के पास से आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजमंगल (राजभवन का पुत्र) और फूलमती (राजभवन की पत्नी) शामिल हैं। दोनों आरोपी ग्राम पिंडारा महाराज, थाना मुसाफिरखाना, जनपद अमेठी के निवासी हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा संख्या 24/25 के तहत धारा 85, 80 बीएनएस और




दहेज निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। मुसाफिरखाना थाना पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# युवक से मारपीट और जबरन वसूली

**पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, एससी-एसटी एक्ट में दर्ज केस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी तहसील, अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान में पीपरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक दलित युवक से मारपीट और जबरन वसूली के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना दिसंबर माह की है। पीड़ित दलित युवक सफेदा का पेड़ कटवाकर लोड करा रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने उससे मारपीट की और जबरन दो हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीनों आरोपी नरीवा मोड़ के पास मौजूद हैं। सुबह करीब 10:15 बजे पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रतीक सिंह (27), साकेत सिंह (39) और निखिल सिंह (32) शामिल हैं। तीनों ग्राम कल्यानपुर के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा संख्या 134/24 के तहत बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(2), 351(3), 308(5) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)द, 3(2)5क में मामला दर्ज है। पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में खौफ का माहौल है।

# फायरिंग करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**अलीगढ़ में खड़ी कार पर चलाई थी गोलियां, पुलिस ने एएमयू के एसएस हॉल से पकड़ा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी कार पर बेवजह फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को एएमयू के एसएस हॉल से गिरफ्तार किया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने जमालपुर इलाके में सड़क किनारे खड़ी कार पर बेवजह फायरिंग शुरू कर दी थी। गोली चलाने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। फायरिंग के बाद पहुंची पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के जमालपुर इलाके में 26 फरवरी की देर शाम को दो आरोपियों ने सड़क किनारे खड़ी कार पर फायरिंग कर दी थी। रंगबाजी दिखाने के लिए आरोपियों ने ऐसा किया था। राहत इस बात की थी कि घटना के समय कार में कोई नहीं था। फायरिंग की सूचना मिलने पर सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंची थी। तब तक आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना स्थल पर कार का मालिक भी मौजूद नहीं था और नही उसकी ओर से कोई शिकायत पुलिस को की गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी देखे थे। जिसके बाद पुलिस को गोली चलाने वाले आरोपी नजर आ गए थे। उनकी पहचान करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी। अब दोनों आरोपियों को एएमयू के एसएस हॉल के हॉस्टल से हिरासत में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। कार मालिक की ओर से पुलिस को अभी तहरीर नहीं दी गई है। वहीं पुलिस से संपर्क करके कोई शिकायत भी नहीं की है। वहीं बताया जा रहा है कि कार जवां क्षेत्र के रहने वाले किसी व्यक्ति की है। हालांकि पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

तहरीर न मिलने पर पुलिस की ओर से तहरीर लिखकर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी अभी हिरासत में हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# भाजपा विधि प्रकोष्ठ नेता का शायराना अंदाज में तंज

**कहा- जब अदालतो में ही लेन-देन चलने लगे, तो बताओ बेचारे वकील क्या करें**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कादीपुर तहसील में एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी और स्थानीय अधिवक्ताओं के बीच विवाद गहराता जा रहा है। बार एसोसिएशन ने एसडीएम के खिलाफ कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस मामले में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक और बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन प्रशांत सिंह अटल ने शुक्रवार को कादीपुर का दौरा किया। उन्होंने शायराना अंदाज में तंज कसते हुए कहा, 'हम अपने बचने का कोई सबील क्या करते, और गवाह टूट गए थे तो अपील क्या करते, जब अदालतो में ही लेन-देन चलने लगे, तो बताओ बेचारे वकील क्या करते।' उन्होंने अधिवक्ताओं की शिकायतों को जायज बताया। अटल ने कहा कि वे इस मामले को जिलाधिकारी और अन्य सक्षम अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि एसडीएम नियत तिथि पर आदेश पारित नहीं करते। केवल उन्हीं फाइलों में आदेश होते हैं, जिनमें पहले से सेटिंग होती है। वकीलों का यह भी आरोप है कि एसडीएम सरकार की मंशा के विपरीत काम करते हैं और अधिवक्ताओं को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं। प्रशांत सिंह अटल ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायिक और राजस्व अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ईमानदारी के संदेश का पालन करना चाहिए। बार और बेंच के बीच समन्वय की आवश्यकता पर भी उन्होंने जोर दिया।

# आबादी क्षेत्र में शराब ठेकों से परेशान ग्रामीण

**स्कूली बच्चों को शराबियों के बीच से गुजरना पड़ता है, रोज होती है मारपीट**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जगदीशपुर, क्षेत्र के हारीमऊ के पास पुरे तुला पासी गांव में अंग्रेजी, देशी शराब और बियर की दुकानें आबादी के बीच स्थित हैं। ये दुकानें जगदीशपुर-जिला मुख्यालय रोड पर हैं। यहां से स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। शराब के ठेकों पर शराबियों की भीड़ जमा हो जाती है। ठेके के पास खाने-पीने की दुकानें हैं, जहां शराबी तुरंत शराब पीना शुरू कर देते हैं। इससे रोज मारपीट और उपद्रव की घटनाएं होती हैं। सामने अंधा मोड़ होने के कारण दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। इससे लोग घायल होते हैं और दो पक्षों में झड़प की स्थिति बनती है। जगतराम, राकेश कुमार, राम प्रकाश, गोविन्द प्रसाद, अनिल यादव समेत दर्जनों ग्रामीणों ने जगदीशपुर थाना दिवस में ठेका हटवाने की शिकायत दर्ज कराई है। जिला आबकारी विभाग ने बताया कि दुकानदारों को ठेके हटाने के निर्देश दे दिए गए हैं। जल्द ही नए स्थान का चयन कर दुकानें दूसरी जगह स्थापित की जाएंगी।

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान में तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर पुलिस ने अंकित पेट्रोल पंप के पास से रवि कुमार कोरी और रमेश सोनी को पकड़ा। रवि कुमार (25) राहुल चौराहा नबीपुर का और रमेश सोनी (33) दरियापुर मोहल्ले का रहने वाला है। रवि से 152.5 ग्राम सोने के जेवरात बरामद हुए। इनमें कंगन, चूड़ी, चेन, नेकलेस, कान के टॉप्स, अंगूठियां और नाक की कीलें शामिल हैं। साथ ही 378 ग्राम चांदी के जेवरात, एक लेडीज घड़ी और प्रीतम कौर का आधार कार्ड भी मिला। रमेश से श्रीकृष्ण भगवान की बांसुरी वाली मूर्ति, सरस्वती माता की मूर्ति, त्रिशूल और चांदी का छत्र बरामद किया गया। इसी अभियान में 28 फरवरी को आवास विकास पार्क के पास से एक और नकबजन मोहम्मद तौसीफ (26) को गिरफ्तार किया गया।

डिहवा क्षेत्र के रहने वाले तौसीफ से नकबजनी के उपकरण, कपड़े और 24,200 रुपए नकद बरामद हुए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर की गई। टीम में प्रभारी निरीक्षक नारद मुनि सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक कृष्ण प्रसाद वर्मा, पंकज कुमार और हेड कांस्टेबल नरेंद्र मिश्रा व प्रताप विक्रम सिंह शामिल थे।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।